दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



नवादा से प्रकाशित ● नवादा, गुरुवार 21 मई 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1063

## संक्षिप्त खबरें ।

### 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' में अमेरिका को लगा तगड़ा झटका, 42 फाइटर जेट गंवाए



लोक तंत्र की आवाज़

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** अमेरिका को ईरान के साथ जंग भारी पड़ी है। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के खिलाफ "ऑपरेशन एपिक फ्यूरी" (OEF) के तहत अमेरिका और इजराइल द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए 40 दिवसीय बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान या तो नष्ट हो गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ये अमेरिका के लिए सबसे बड़ा झटका है। उसने ऐसा नुकसान किसी युद्ध में नहीं झेला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन विमानों में स्थिर-पंख वाले विमान, हेलीकॉप्टर और मानवरहित हवाई प्रणालियां शामिल थीं, जो रक्षा विभाग (DOD) (जो 5 सितंबर, 2025 के कार्यकारी आदेश 14347 के तहत "युद्ध विभाग के द्वितीयक पदनाम का उपयोग कर रहा है") और अमेरिकी केंद्रीय कमान (CENTCOM) द्वारा जारी समाचार रिपोर्टों और बयानों के अनुसार "OEF में नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए"।

**OEF विमानों के नुकसान की रिपोर्ट:** *चार एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान। *एक एफ-35ए लाइटनिंग II लड़ाकू विमान। *एक ए-10 थंडरबोल्ट II जमीनी हमला विमान। *सात केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर हवाई ईंधन भरने वाले विमान। *एक ई-3 सेंट्री हवाई प्रारंभिक चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली विमान (AWACS) *दो एमसी-130जे कमांडो II विशेष अभियान विमान। *एक एचएच-60 डब्ल्यू जॉली ग्रीन II लड़ाकू खोज और बचाव हेलीकॉप्टर। *चौबीस एमक्यू-9 रीपर मध्यम ऊंचाई वाले लंबे समय तक उड़ान भरने वाले मानवरहित विमान एक एमक्यू-4सी ट्राइटन उच्च ऊंचाई वाले लंबे समय तक उड़ान भरने वाले मानवरहित विमान।

**ट्रंप ने ईरान पर हमला टाला:** वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान पर अपने 'पूर्व नियोजित हमले' को फिलहाल रोक दिया है। ट्रंप ने कहा है कि ऐसा उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और कतर के अनुरोध पर किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हालांकि कहा कि वह ईरान पर एक 'व्यापक प्रभाव वाला बड़ा हमला' करने के लिए तैयार हैं। पत्रकारों के साथ बातचीत में ट्रंप ने कहा, 'सऊदी अरब, कतर और UAE के अनुरोध पर ईरान पर संभावित हमला कुछ दिनों के लिए रोका गया है। उम्मीद है कि शायद हमेशा के लिए टल जाए, क्योंकि ईरान के साथ बड़ी बातचीत चल रही है ।

# अगर भारत ने रोक दी सप्लाई तो नेपाल में आ जाएगा भूचाल ! फिर पीएम बालेंद्र शाह ने क्यों कि भंसार वाली गलती

लोक तंत्र की आवाज़



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा जोगबनी।** भारत और नेपाल सिर्फ दो पड़ोसी देश नहीं हैं। दोनों के इतिहास, संस्कृति, व्यापार और रोजमर्रा की जिंदगी इतनी मिलती जुलती है कि अगर किसी को मैप में ने दिखाया जाए तो यह पहचान करना मुश्किल है कि कौन सा हिस्सा भारत है और कौन सा नेपाल। इसके अलावा भारत और नेपाल में रोटी-बेटी का नाता भी है। लेकिन हाल के दिनों में नेपाल का नई बालेंद्र शाह सरकार के कुछ प्रशासनिक फैसलों, खासकर 'भंसार' यानी कस्टम टैक्स को लेकर उठे विवादों ने दोनों देशों के रिश्तों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नेपाल द्वारा भारतीय सामानों और वाहनों पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने से एक ओर जहां दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई है। वहीं दूसरी ओर इस बात को लेकर भी बहस तेज हो गई है कि आखिर नेपाल ने यह कदम क्यों उठाया? नेपाल भारत पर कितना निर्भर है? बालेंद्र शाह सरकार के ऐसे फैसलों का क्या असर पड़ेगा?

**भारत पर कितना निर्भर है नेपाल ?:** नेपाल एक लैंडलॉक देश है, यानी उसके पास समुद्र तक सीधी पहुंच नहीं है। नेपाल अपनी लगभग हर बड़ी जरूरत के लिए भारत पर निर्भर है, गाड़ियां चलने के लिए पेट्रोल-डीजल से लेकर दवाइयों, अनाज और रोजमर्रा में उपयोद होने वाली हर चीज भारत के रास्ते ही नेपाल पहुंचती है। सच कहा जाए तो नेपाल के बाजार भारतीय सप्लाई चेन पर टिका हुआ है। इसके चलते ही भारत और नेपाल के आर्थिक रिश्ते को नेपाल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है।

व्यापारिक आंकड़ों को देखा जाए तो नेपाल के कुल विदेशी व्यापार का सबसे बड़ा हिस्सा भारत के साथ होता है। नेपाली वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुताबिक, नेपाल के कुल व्यापार में भारत की हिस्सेदारी लगभग 63 प्रतिशत रही। इसके अलावा नेपाल जो भी सामान दुनिया को निर्यात करता है, उसका एक बड़ा हिस्सा भारत ही खरीदता है। भारतीय बाजारों में नेपाल की इलायची, जूट, प्लाईवुड, खाने का तेल, जूस और रोल्ड आयरन शीट जैसी वस्तुएं बड़े पैमाने पर बिकती हैं। नेपाल की कमाई का बड़ा हिस्सा भारत से आता है।

**भारत नेपाल में क्या-क्या निर्यात करता है ? :** भारत से नेपाल जाने वाले सामानों की बात करें तो इसमें सभी जरूरी चीजें शामिल है। भारत नेपाल को खाद्यान्न, दवाइयां, पेट्रोलियम पदार्थ, वाहन, मशीनरी और निर्माण सामग्री के अलावा और भी कई चीजें निर्यात करता है। नेपाल भारत पर इतनी निर्भर है कि अगर किसी वजह से भारतीय सप्लाई धीमी पड़ जाए, तो इसका असर तुरंत ही नेपाल के बाजारों में दिखाई देने लगता है। भारत ने हाल ही में जह घरेलू जरूरतों के पूरा करने के लिए चीनी या कुछ खाद्यान्नों के निर्यात पर सीमित रोक लगाई थी, तो नेपाल में तुरंत महंगाई बढ़ गई थी और बाजारों में माहौल बिगड़ गए थे। इसके अलावा नेपाल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से भारत पर निर्भर है। नेपाल के पास कोई बड़ी तेल रिफाइनरी नहीं है। उसकी लगभर पूरी पेट्रोलियम जरूरत भारत से पूरी होती है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन के बीच समझौतों के जरिए पेट्रोल और डीजल की सप्लाई होती है।

**बिजली और जलविद्युत क्षेत्र में नेपाल की सहायता :** बिजली और जलविद्युत क्षेत्र में भी भारत नेपाल का सबसे बड़ा सहयोगी और साझेदार है। नेपाल के पास एक बड़ा जल संसाधन है, लेकिन उनके पास बिजली उत्पादन के लिए जरूरी तकनीक और धन नहीं है। भारत की कई सरकारी और निजी कंपनियां नेपाल में बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। भारत की सरकारी कंपनी सतलुज जल विद्युत निगम (SJVN) द्वारा विकसित अरुण-3 परियोजना, जीएमआर का अपर कर्णाली प्रोजेक्ट और एनएचपीसी का वेस्ट सेती प्रोजेक्ट इसके उदाहरण हैं।

## होर्मुज से बाहर जंग की आहट: हिंद महासागर में अमेरिकी कार्रवाई



लोक तंत्र की आवाज़

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अब होर्मुज स्ट्रेट से बाहर हिंद महासागर तक पहुंच गया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका ने हिंद महासागर में ईरान से जुड़े एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान पर दबाव बढ़ा रहे हैं और नए सैन्य हमलों की चेतावनी दे रहे हैं।

जब्त किए गए जहाज की पहचान 'स्काईवेव' के रूप में हुई है। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि यह टैंकर प्रतिबंधों के बावजूद ईरानी कच्चे तेल की ढुलाई में शामिल था। इसी वजह से मार्च में इस जहाज पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, 'स्काईवेव' ईरान के तथाकथित "शैडो फ्लीट" का हिस्सा था। यह उन जहाजों का नेटवर्क माना जाता है, जिनका उपयोग अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचकर तेल निर्यात करने के लिए किया जाता है।

शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, यह जहाज मंगलवार को मलेशिया के पश्चिमी क्षेत्र से गुजरते हुए मलक्का स्ट्रेट पार कर चुका था। समुद्री कारोबार से जुड़े सूत्रों और लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक, टैंकर में 10 लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल मौजूद हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह तेल फरवरी में ईरान के खार्ग द्वीप से लादा गया था, जिसे ईरान का प्रमुख तेल निर्यात केंद्र माना जाता है। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने ईरान से जुड़े तेल जहाजों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की हो। अप्रैल में भी अमेरिका ने हिंद महासागर में 'मेजेस्टिक एक्स' और 'टिफानी' नामक दो अन्य जहाजों को जब्त किया था। अमेरिकी प्रशासन का दावा था कि ये जहाज भी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर ईरानी तेल की ढुलाई कर रहे थे।

दरअसल, अमेरिका लंबे समय से ईरान के तेल कारोबार और परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रहा है। वॉशिंगटन का आरोप है कि तेल निर्यात से मिलने वाली आय का उपयोग ईरान अपनी मिसाइल क्षमताओं और क्षेत्रीय सहयोगी समूहों को मजबूत करने में करता है।

# अखिलेश यादव चल दिए हैं 'सॉफ्ट हिंदुत्व' की राह पर ! सपा चीफ बड़े मंगल पर भगवा गमछा ओढ़े भंडारा बांटते नजर आए

लोक तंत्र की आवाज़



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला द्वारा लखनऊ।** आज का यूपी राज्य की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों का सटीक विश्लेषण लेकर हाजिर है. आज के इस विशेष अंक में हमारी तीन बड़ी और मुख्य खबरें सपा चीफ अखिलेश यादव की 'सॉफ्ट हिंदुत्व' की ओर बढ़ती राह और लखनऊ की सड़कों पर उनका भंडारा बांटना, हाईकोर्ट के आदेश के बाद वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के संदर्भ में अखिलेश यादव द्वारा रामचरितमानस को 'सांस्कृतिक संविधान' की संज्ञा देना और ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी करने वाले सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी को लखनऊ तलब कर अखिलेश यादव द्वारा लगाई गई कड़ी फटकार और दी गई सख्त चेतावनी शामिल हैं।

**सॉफ्ट हिंदुत्व' की राह पर सपा! बड़े मंगल पर लखनऊ की सड़कों पर भंडारा बांटते दिखे अखिलेश:** उत्तर प्रदेश की राजनीति में पिछले 24 घंटे के भीतर कुछ ऐसे बड़े घटनाक्रम हुए हैं, जो यह साफ इशारा कर रहे हैं कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव अब भारतीय जनता पार्टी (BJP) को अकेले बहुसंख्यक यानी हिंदुओं की राजनीति की पिच पर खेलने देना नहीं चाहते हैं. अखिलेश यादव अब एक समावेशी राजनीति की बात करते हुए खुद को भी एक हिंदू और श्रद्धालु के रूप में पेश कर रहे हैं, ताकि विपक्ष उनके खिलाफ 'मुस्लिम परस्त' राजनीति की कोई धारणा न बना सके। इसी सिलसिले में लखनऊ में 'बड़े मंगल' पर एक बेहद अलग नजारा देखने को मिला. अमूमन बड़े मंगल पर लखनऊ की सड़कों पर भंडारे लगते हैं, लेकिन इस बार खुद अखिलेश यादव सड़क पर उतरे. भगवा गमछा ओढ़े अखिलेश यादव लखनऊ की जनता को खुद अपने हाथों से पूरी, बुंदिया और प्रसाद का भंडारा बांटते नजर आए. इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "यही हमारे समाज की मिलीजुली संस्कृति है, यही गंगा-जमुनी तहजीब है, यही भाईचारा और हमारी पहचान है. अनेकता में एकता ही हमारा लोकतंत्र है और यही हमें हमारा संविधान भी सिखाता है कि हमें हर एक के प्रति प्रेम, दया और अपनापन रखना है।

# 30 के अंदर पीएम नरेंद्र मोदी टीवी पर आकर हाथ जोड़ेंगे?, राहुल गांधी ने कहा-हिंदुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेचा

लोक तंत्र की आवाज़



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला द्वारा रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेच दिया है। अब आर्थिक तूफान आ रहा है और नरेंद्र मोदी और हिंदुस्तान की सरकार आपको नहीं बचा पाएगी, वे आपसे कहेंगे, रोएंगे और कहेंगे कि मेरी गलती नहीं है। मैं आपको बता रहा हूं, गलती सिर्फ नरेंद्र मोदी, अमित शाह और RSS की है क्योंकि इन्होंने इसे (संविधान) खत्म किया है। गांधी ने कहा, "...चुनाव से पहले कहा गया कि पेट्रोल, गैस की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ेंगे। आज जब पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं तो अंबानी पेट्रोल हिंदुस्तान से बाहर भेज रहे हैं।

अंबानी रूस से पेट्रोल खरीदकर बाहर बेचते हैं और उस पैसे से वे नरेंद्र मोदी की फंडिंग करते हैं। यह सच्चाई है।" गांधी ने कहा, "नरेंद्र मोदी कहते हैं कि विदेश मत जाएं, सोना न खरीदें, इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदें। आने वाले समय में किसान के पास खाद नहीं होगा। देखिए कुछ महीनों में महंगाई कहां जाती है, पेट्रोल, डीज़ल, तेल, गैस, दाल, चावल के दाम कहां जाते हैं। खुलकर प्रधानमंत्री कहते हैं कि सोना मत खरीदें, विदेश न जाएं और खुद हज़ारों करोड़ रुपये के जहाज़ में विदेश जाते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि मोदी का 'रिमोट कंट्रोल' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास है। रायबरेली और अमेठी के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन गांधी ने प्रधानमंत्री पर तंज करते हुए कहा कि मोदी देश के किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों से इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने को कहते हैं जबकि लोगों को नौकरी और खाना तक भी नहीं मिल पा रहा है।

रायबरेली से कांग्रेस सांसद गांधी ने कहा, "मुझे नहीं पता कि प्रधानमंत्री क्या सपने देख रहे हैं और देशवासियों से इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के लिए क्यों कह रहे हैं। लोगों को घर पर खाना बनाने के लिए रसोई गैस भी नहीं मिल पा रही है और प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि विदेश मत जाओ, सोना मत खरीदो, इलेक्ट्रिक कारें खरीदो। मुझे बिल्कुल समझ नहीं आ रहा कि यह आदमी किस दुनिया में जी रहा है।

# ममता बनर्जी बोलीं- BJP का सत्ता से जाना तय, बंगाल को बदनाम करने की साजिश

लोक तंत्र की आवाज़



### बुलडोजर संस्कृति' के खिलाफ 21 मई से महाआंदोलन

चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ राज्य सरकार की हालिया कार्रवाई को टीएमसी ने 'बुलडोजर संस्कृति' करार दिया है। इस दौरान ममता बनर्जी ने बंगाल सरकार को लेकर किए जा रहे आरोपों पर भी पलटवार किया. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक द्वेष के तहत राज्य सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, लेकिन जनता सच्चाई जानती है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (TMC) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी भारतीय जनता पार्टी को लेकर बड़ा राजनीतिक दावा किया है. ममता बनर्जी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली की सत्ता से BJP बेदखल हो जाएगी और देश की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी सरकार बंगाल में अल्पसंख्यकों और रेहड़ी-पटरी वालों को निशाना बना रही है।

उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोज़गारी और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों पर केंद्र पूरी तरह विफल साबित हुई है. पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मंगलवार को सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों और सड़क किनारे रेहड़ी-पटरी (Hawkers) लगाने वालों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।

अपने आवास पर टीएमसी विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, "यह सरकार हमारे संवैधानिक विचारों और मूल्यों के साथ खिलवाड़ कर रही है. लेकिन याद रखिए, आने वाले दिनों में बीजेपी दिल्ली (केंद्र) की सत्ता से भी बेदखल हो जाएगी." ममता ने सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा, "यह सरकार हमारे संवैधानिक विचारों और मूल्यों के साथ छेड़छाड़ कर रही है. उन्होंने दावा किया कि BJP के नेतृत्व में केंद्र में जो सरकार चल रही है वह ज्यादा दिन तक सत्ता में नहीं रहने वाली है.उन्होंने कहा, "आने वाले दिनों में BJP को दिल्ली की सत्ता से हटा दिया जाएगा।

**नारदा स्टिंग का जिक्र कर सीएम सुवेंदु पर साधा निशाना:** इस बैठक में टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी भी मौजूद रहे. हाल ही में कोलकाता नगर निगम (KMC) द्वारा उनके दक्षिण कोलकाता स्थित आवास के "अनधिकृत हिस्से" को गिराने के लिए भेजे गए डिमोलिशन नोटिस पर अभिषेक बनर्जी ने कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने बीजेपी को ललकारते हुए कहा, "उन्हें जो करना है करने दीजिए. चाहे मेरा घर गिरा दें या नोटिस भेजें, मैं इन चीजों के आगे झुकने वाला नहीं हूं. चाहे जो हो जाए, बीजेपी के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी." दिलचस्प बात यह है कि जिस केएमसी (KMC) ने यह नोटिस जारी किया है, वह अभी भी टीएमसी के नियंत्रण में है और ममता बनर्जी के बेहद करीबी माने जाने वाले टीएमसी विधायक फिरहाद हाकिम कोलकाता के मेयर हैं। अभिषेक बनर्जी ने मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी पर सीधा हमला बोलते हुए साल 2014 के बहुचर्चित 'नारदा स्टिंग ऑपरेशन' का जिक्र किया, जब सुवेंदु टीएमसी में हुआ करते थे. अभिषेक ने तंज कसते हुए कहा, "हमारे राज्य ने कई मुख्यमंत्री देखे हैं, लेकिन मौजूदा मुख्यमंत्री जैसा कोई नहीं रहा।

# राहुल गांधी के आज अमेठी पहुंचने से पहले पूरे शहर में लगे पोस्टर, सांसद केएल शर्मा को बनाया गया निशाना

लोक तंत्र की आवाज़



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला द्वारा अमेठी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे से पहले जिले का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। शहर के कई प्रमुख स्थानों पर विवादित पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें कांग्रेस और स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन पोस्टरों के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं।

पोस्टरों पर मुख्य रूप से लिखा गया है— "दो साल किशोरी तुमने लाल क्या किया?" इसके जरिए सांसद बनने के बाद उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का हिसाब मांगा गया है। एक पोस्टर में आरोप लगाया गया है कि सांसद निधि से केवल एक स्कूल बस दी गई, वह भी एक कांग्रेस नेता के निजी विद्यालय को आवंटित कर दी गई। इसके अलावा, एक एंबुलेंस को भी किसी ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल में सेवा में लगाए जाने का उल्लेख किया गया है।

वहीं, कुछ अन्य पोस्टरों में वर्तमान सांसद किशोरी लाल शर्मा के दो वर्ष के कार्यकाल की तुलना पूर्व सांसद स्मृति ईरानी के पांच वर्ष के कार्यकाल से की गई है। इसमें पूर्व भाजपा सांसद के समय हुए विकास कार्यों का हवाला देते हुए मौजूदा सांसद की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए गए हैं। ये पोस्टर अमेठी स्थित कांग्रेस कार्यालय, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और मुंशीगंज के संजय गांधी अस्पताल समेत कई प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए हैं। राहुल गांधी के आगमन से ठीक पहले हुई इस पोस्टरबाजी ने जिले में सियासी हलचल को पूरी तरह तेज कर दिया है।

# तुर्की का शिकारी कोरकुट, युद्ध के मैदान में दुश्मन की मिसाइलों व ड्रोन को पल भर में करता है राख

लोक तंत्र की आवाज़



**अंकारा।** युद्ध के मैदान में सन्नाटा पसरा है। अचानक रडार की स्क्रीन पर एक लाल बिंदी चमकती। दुश्मन की एक घातक क्रूज मिसाइल और ड्रोनों का झुंड बहुत ही कम ऊंचाई पर, रडार को चकमा देते हुए रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। पलक झपकते ही सामने आता है तुर्की का एक बख्तरबंद शिकारी, नाम है कोरकुट। जैसे ही ये हवाई खतरे इसके 4 किलोमीटर के चक्रव्यूह में कदम रखते हैं, इसका आधुनिक 3डी रडार उन्हें सेकंड के सौवें हिस्से में 'लॉक' कर देता है। इसके बाद जो होता है, वह आसमान में तबाही का खूंखार मंजर है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरकुट की जुड़वां 35एकएम बैरल गरज उठती हैं और प्रति मिनट 1100 राउंड की खौफनाक रफ्तार से मौत का ऐसा जाल बुनती हैं कि दुश्मन की मिसाइलें हवा में ही बिखर जाती हैं। यह महज एक गन नहीं बल्कि आधुनिक ड्रोन युग का वह 'कसाई' है जो दुश्मन के घमंड को पल भर में राख के ढेर में बदल देता है। तुर्की की प्रसिद्ध रक्षा कंपनी एसेलसन द्वारा विकसित कोरकुट एक अत्याधुनिक सेल्फ-प्रोपेल गन एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे विशेष रूप से युद्ध के मैदान में सेना की मोबाइल टुकड़ियों को हवाई हमलों से सुरक्षा देने के लिए डिजाइन किया है।

आज के दौर में जब ड्रोन, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हेलीकॉप्टर और क्रूज मिसाइलें सबसे बड़ा खतरा हैं तब कोरकुट जैसा सिस्टम रक्षा कवच का काम करती हैं। यह सिस्टम हर मौसम में समान रूप से काम करने में सक्षम है। गन सिस्टम (पेलोड) कोरकुट में 35एमएम की डबल-बैरल ऑटोमैटिक गन लगी हुई है। यह गन तुर्की के मैकेनिकल और केमिकल इंडस्ट्री कॉरपोरेशन द्वारा बनाई गई है।

# ईरान से टकराव में अमेरिका को भारी नुकसान, F-35 फाइटर जेट और रीपर ड्रोन समेत गंवाए 42 लड़ाकू विमान

लोक तंत्र की आवाज़



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान युद्ध के दौरान अमेरिका को अपने 42 लड़ाकू विमान और ड्रोन गंवाने पड़े। ईरान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन एपिक फ्युरी' में अमेरिका को अपने 42 लड़ाकू विमान और ड्रोन गंवाने पड़े हैं। इसमें F-35 फाइटर जेट और MQ-9 रीपर ड्रोन भी शामिल हैं।

US Iran conflict: ईरान के साथ चल रहे सैन्य टकराव के बीच अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। एक आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को निशाना बनाकर 28 फरवरी को शुरू किए गए 'ऑपरेशन एपिक फ्युरी' (Operation Epic Fury) के दौरान अपने कम से कम 42 विमान और ड्रोन गंवा दिए हैं। इस नुकसान में कई खतरनाक फाइटर जेट्स का क्रैश होना और डैमेज होना शामिल है।

**अमेरिकी सेना को किन विमानों का हुआ नुकसान ?:** CRS की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इस संघर्ष में अपने सबसे आधुनिक और महंगे विमानों को खोया है। नुकसान झेलने वाले 42 एयरक्राफ्ट की सूची में ये मुख्य रूप से शामिल हैं। 4 एफ-15ई स्ट्राइक ईगल (F-15E Strike Eagle) फाइटर जेट, 1 एफ-35ए लाइटनिंग II (F-35A Lightning II) स्टील्थ फाइटर जेट, 1 ए-10 थंडरबोल्ट II (A-10 Thunderbolt II) अटैक एयरक्राफ्ट, 7 केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर (KC-135 Stratotanker) ईंधन भरने वाले विमान, 24 एमक्यू-9 रीपर (MQ-9 Reaper) घातक ड्रोन, 1 एमक्यू-4सी ट्राइटन (MQ-4C Triton) जासूसी ड्रोन। इसके अलावा इस लिस्ट में एक ई-3 सेंट्री (E-3 Sentry) वॉर्निंग एयरक्राफ्ट, दो एमसी-130जे कमांडो।

लोकतंत्र की आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र



## संक्षिप्त खबरें ।

### बकाया पैसे मांगने पर विवाद, दो पक्षों में जमकर मारपीट, तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी




सुनील कुमार

**नवादा ।** जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत काहरिया और बेलदरिया गांव के ग्रामीण बुधवार को तीन साल पुराने बकाए पैसे की मांगने को लेकर हिंसक झड़प हो गया। इस खूनी संघर्ष में एक ही पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, काहरिया गांव के पीड़ित पक्ष ने बेलदरिया गांव के एक व्यक्ति को करीब तीन साल पहले कुछ पैसे उधार दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब रकम वापस नहीं मिली, तो पीड़ित पक्ष लगातार अपनी राशि की मांग कर रहा था। बुधवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनके बीच तीखी बहस शुरू हो गई। कहा-सुनी के दौरान दोनों तरफ से आक्रोश इस कदर बढ़ा कि बात पूरी तरह बिगड़ गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों से लैस होकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस हिंसक मारपीट में काहरिया गांव के तीन लोग बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों गंभीर रूप से जख्मी लोगों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, घायलों के शरीर और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि फिलहाल उनकी स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है।

### 6 महीने में एनडीए सरकार के वादे फेल, युवा और मजदूर बेहाल : जन सुराज पार्टी



सुनील कुमार

**नवादा।** जन सुराज पार्टी ने नवादा में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एनडीए सरकार पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया। जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा रोजगार और महिला सहायता को लेकर किए गए वादे अब तक धरातल पर नहीं उतरे हैं। बिहार में बेरोजगारी और पलायन लगातार बढ़ रहा है, जबकि टीआरई-4 भर्ती को लेकर छात्रों के साथ भी अन्याय किया गया है। जिला मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह ने राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और परिवारवाद के मुद्दे पर सरकार को घेरा। मीडिया ज़ोनल प्रभारी अजय कुमार ने नीट छात्रा हत्याकांड मामले में समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। नेताओं ने कहा कि जन सुराज पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। साथ ही ''बिहार नवनिर्माण अभियान'' के नए चरण के तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद करेंगे।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, लोकसभा प्रभारी उदय शंकर, नालंदा ज़ोन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रभारी सैयद मसीहउद्दीन तथा कोषाध्यक्ष ललन कुमार शर्मा , महिला जिला अध्यक्ष स्वीटी कुमारी, राधा देवी, पूनम कुमारी गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार जी भी उपस्थित थे।

# वारिसलीगंज में दो ट्रैक्टर का डाला जब्त ,लाइनर बाइक व मोबाइल के साथ गिरफ्तार , 82 पर प्राथमिकी दर्ज

## वारिसलीगंज के दौलतपुर व सौर दरियापुर के समीप सकरी नदी में छापेमारी

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज में अवैध बालू खनन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की गयी है।खनन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध बालू खनन में लिप्त बालू लदे दो टेलरों को जब्त कर लिया। जबकि ट्रैक्टर खोलकर अवैध खननकर्ता भाग निकले।वहीं छापेमार दल की सूचनाओं का आदान-प्रदान करते एक लाइनर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। लाइनर की पहचान 25 वर्षीय कुंदन कुमार के रूप में की गयी है। वह दरियापुर गांव के रामचंद्र ठाकुर का बेटा बताया जाता है। घटना 18 मई को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर व सौर दरियापुर गांव के समीप सकरी नदी की है।अवैध खनन की सूचना पर संयुक्त टीम का गठन कर खान निरीक्षक संतोष प्रकाश झा के नेतृत्व में छापेमारी की गयी।बताया जाता है कि बाइक पर सवार लाइनर अवैध खननकर्ताओं को खनन टीम की छापेमारी से संबंधित सूचनाएं दे रहा था।उसकी बाइक जब्त कर ली गयी। जबकि उसके पास से एक मोबाइल बरामद की गयी है। जिसमें अवैध खनन में जुटे 78 लोगों का एक वाट्सग्रुप पाया गया है। जिसमें माइनिंग व पुलिस की छापेमारी से संबंधित सूचनाएं भेजी जा रही थी। इसके आधार पर दो ग्रुप एडमिन समेत कुल 82 अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध वारिसलीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इनमें दोनों टेलरों के मालिक व चालक भी शामिल हैं। मामले में दर्ज कांड संख्या-350/26 में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण से संबंधित बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं।

**तीन वाहन जब्त, दो लाख जुर्माना:** खनन टीम को दौलतपुर व सौर दरियापुर गांव के समीप सकरी नदी में अवैध खनन की सूचना मिली। सूचना पर टीम का गठन कर छापेमारी की गयी।छापेमारी के क्रम में दो ट्रैक्टरों को बालू लोड करते हुए नदी में पाया गया। परंतु खनन टीम को देखते ही अवैध खननकर्ता ट्रैक्टर का टेलर नदी में छोड़कर इंजन खोलकर भाग निकले। खनन टीम ने दोनों टेलरों को जब्त कर लिया। इन पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 27 जीबी 0673 व बीआर 27 जीए 9296 अंकित पाया गया। दोनों पर क्रमशः 100 सीएफटी व 20 सीएफटी बालू लदा हुआ पाया गया। इन पर क्रमशः 01 लाख 02 हजार 123 व 01 लाख 142 रुपये जुर्माना लगाया गया। वही लाइनर की बाइक नंबर बीआर बी आर 27 आर 3621 जब्त कर ली गई।

**मस्त वाट्सअप ग्रुप का किया गया था गठन:** खान निरीक्षक द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के मुताबिक अवैध खननकर्ताओं द्वारा मस्त नाम से एक वाट्सएप ग्रुप का गठन किया गया था। इसमें दो ग्रुप एडमिन हैं। एक का नाम जीजी 230 एवं दूसरे का नाम कुमार बूस अंकित पाया गया है। इस ग्रुप में 78 लोग जुड़े हैं। इन सभी के नाम व मोबाइल नंबर को देते हुए इन सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। लाइनर के पास से जब्त मोबाइल के वाट्सएप ग्रुप में बड़ी संख्या मैसेज व ऑडियो मैसेज साक्ष्य के रूप में पाये गये हैं। जिनमें प्रशासनिक गतिविधियों से जुडी जानकारियां शामिल हैं। मोबाइल नंबर व नाम से पुलिस आरोपितों का पता निकालकर उन्हें गिरफ्तार करेगी।

## हिसुआ नप अध्यक्षा पूजा कुमारी ने अनियमितता को लेकर प्रभारी मंत्री को दिया आवेदन



लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा।** मंगलवार को नवादा जिले के हिसुआ पहुंचे लघु सिंचाई व नवादा प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष सुमन को हिसुआ नगर पर्षद अध्यक्षा पूजा कुमारी ने नगर पर्षद में बन रहे नये वाहन स्टैंड के निर्माण के अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर आवेदन दिया. आवेदन में बस स्टैंड के निर्माण में घोर और गंभीर अनियमितता किये जाने का आरोप लगाया गया है. सरकारी धन की बर्बादी और जनता के हक के साथ खिलवाड़ की बात अंकित की है. आवेदन के संबधं में नप अध्यक्षा और उनके ससुर मधुसूदन चौधरी ने बताया कि आवेदन देकर जांच की गुहार लगायी गयी है. आवेदन में अंकित किया गया है कि जेई अविनाश आनंद के द्वारा कार्य निर्माण का निरीक्षण के लिए बुलाये जाने पर स्पष्ट हुआ कि जिस स्थान पर पूर्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने चयन किया था वहां निर्माण न कराकर मनमानी तरीके से दुर्गम और खतरनाक स्थल पर निर्माण हो रहा है. वह तिलैया नदी के तीखे मोड़ पर अवस्थित है, यहां हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी. यह स्थल नगर से तीन किलोमीटर दूर भी है. मामला केवल गलत स्थल का नहीं है बल्कि निर्माण कार्य में राशि की निकासी विभागीय दिशानिर्देश और नियमों की अवहेलना कर किया जा रहा है. इस पर कई शिकायत सामने है. जनता के पैसे में अनियमितता की जा रही है. अध्यक्षा पूजा कुमारी ने यह भी आरोप लगाया कि वह दलित समाज से आती है. उन्हें नप कार्यालय में परेशान किया जाता है. उनके साथ भेदभाव किया जाता है. अध्यक्षा ने जेई अविनाश रंजन पर भी परेशान करने और विकास के कार्यों की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया है. उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर जांच की गुहार लगायी है. बता दें कि इन दिनों नप कार्यालय खिंचतान, तनातनी और विवाद का स्थल बना हुआ है. नप अध्यक्षा, उपाध्यक्ष, पार्षद, अधिकारियों की खींचतान से विकास के काम बाधित हो रहें है. पैसे और फंड की मनमानी तरीके से दुरुपयोग होने का आरोप लगाया जा रहा है।

## बिहारशरीफ : सदर अस्पताल का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली की छह सदस्यीय केंद्रीय टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल में साफ-सफाई, ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रबंधन व्यवस्था, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, प्रसव कक्ष, दवा वितरण केंद्र तथा इमरजेंसी वार्ड की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम के सदस्यों ने अस्पताल प्रशासन से स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। टीम ने उपचार व्यवस्था, दवा उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था और डिजिटल सेवाओं के संचालन की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी हासिल की।अस्पताल प्रबंधन की ओर से टीम को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। केंद्रीय टीम निरीक्षण के आधार पर यह आकलन करेगी कि मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।निरीक्षण के बाद तैयार रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए जाएंगे।इस अवसर पर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## वारिसलीगंज में प्रशासन आपके द्वार:चकवाय पंचायत में सहयोग शिविर में 41 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-चकवाय पंचायत की पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को आयोजित सबका सम्मान, जीवन आसान, निश्चय के तहत समस्याओं के निबटारे को ले आयोजित सहयोग शिविर में समस्याओं से जुड़े विभिन्न विभागों के 70 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 40 का आन स्पाट निबटारा किया गया। चकवाय पंचायत की मुखिया मृत्युंजय कुमार उर्फ मिथुन के नेतृत्व एवं संचालन तथा जिला भूमि उपसमाहर्ता गौरव शंकर की देख रेख में आयोजित सहयोग शिविर में कड़ाके की धूप एवं भीषण गर्मी के बावजूद लोग अपनी समस्याओं के निबटारे के प्रति तत्पर दिखे।शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन राजस्व काउंटर पर आया।चकवाय ग्रामीण उमेश यादव सीओ से अपने पैतृक घर जो उनके पिता स्व. रामस्वरूप यादव के नाम से रजिस्टर टू में 02 डिसमिल अंकित है,को आन लाइन करने का आवेदन दिए। आवेदक ने कहा कि सर, मेरे घर की जमीन को आन लाइन करवा दीजिये। कम्प्यूटर में नहीं दिखता है। सीओ ने जल्द ही परिमार्जन करने का आश्वासन दिया।इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े।इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का प्रशासन पर भरोसा बढ़ा है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, पंचायत मुखिया मृत्युंजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पार्षद समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव स्तर पर सुशासन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है, जिसका सकारात्मक असर अब ग्रामीण इलाकों में स्पष्ट दिखने लगा है। मौके पर पंचायत के विभिन्न गावों के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## छोला-चावल खाते ही तड़पने लगे 60 बच्चे, मची चीख-पुकार, एक गंभीर, डीईओ ने मामले को लिया गंभीरता से, दिया जांच का आदेश

लोकतंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** नगरनौसा प्रखंड के मध्य विद्यालय कैला में बुधवार को मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) खाने के बाद करीब 60 से अधिक बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। भोजन करने के कुछ ही मिनटों के भीतर बच्चों को तेज पेट दर्द, उल्टी, दस्त और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते स्थिति इतनी भयावह हो गई कि कई बच्चे स्कूल परिसर में ही तड़पकर बेहोश हो गए। इस घटना के बाद विद्यालय में भारी अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में सभी बीमार बच्चों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा और चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं, एक छात्रा की हालत बेहद नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर किया गया है।इधर, जैसे ही ग्रामीणों और परिजनों को बच्चों के बीमार होने की भनक लगी, वे बदहवास हालत में अस्पतालों की ओर दौड़ पड़े। देखते ही देखते दोनों अस्पतालों के बाहर सैकड़ों परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे वहां भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बदहवास माता-पिता अपने बच्चों की हालत देखकर रोते-बिलखते नजर आए। अस्पताल में उपचाराधीन पांचवीं कक्षा की छात्रा अमृता कुमारी ने बताया कि बुधवार को मिड-डे मील में बच्चों को चावल और चने की सब्जी (छोला) परोसी गई थी। उसने आरोप लगाया कि सब्जी के अंदर किसी दवा जैसी संदिग्ध गोली दिखाई दे रही थी, जिसे नजरअंदाज कर खाना परोस दिया गया। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि रोजाना की तरह इस बार खाना परोसने से पहले शिक्षकों द्वारा भोजन का स्वाद परीक्षण (टेस्टिंग) नहीं किया गया था, जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है। हालांकि, बच्चों की तबीयत बिगड़ने के बाद जब अमरेश सर नामक एक शिक्षक ने खुद भोजन की सत्यता जांचने के लिए उसे खाया, तो कुछ ही देर में उन्हें भी चक्कर आने लगा और उन्हें भी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचना पड़ा।जिन छात्रों की हालत खराब हुआ उसमेअमृता कुमारी, अंकुश कुमार, अनुराधा कुमारी, तमन्ना, निशु, मुस्कान, कृति, ऋषि, आरती, सिमरन, खुशी, आदित्य, प्रियांशु, प्रिय, दीपक, प्रीति, डोली, सौरभ, किरण और राधा कुमारी समेत अन्य बच्चे शामिल हैं।इस बड़ी घटना के बाद मिड-डे मील की आपूर्ति करने वाली एनजीओ 'एकता फाउंडेशन' की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों और अभिभावकों ने संस्था पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भोजन की गुणवत्ता की बिना जांच किए ही इसे बच्चों को परोस दिया गया, जिससे इतनी बड़ी संख्या में नौनिहाल बीमार पड़ गए। लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी ने बताया कि भोजन शुरू होने के कुछ ही समय बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। स्थिति बेकाबू होते देख तुरंत सभी को अस्पताल भेजा गया और विभाग के वरीय अधिकारियों को घटना की लिखित सूचना दे दी गई है।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने कहा कि नगरनौसा के मध्य विद्यालय कैला की घटना को बेहद गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को तुरंत मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

## सेकुलर प्रतिनिधि मंडल ने बाराचट्टी विधायक के हमले पर मगध पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी ।** बाराचटी विधानसभा क्षेत्र की विधायक ज्योति देवी पर दिनांक 17 मई 2026 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान अपराधियों द्वारा रास्ता रोककर जानबूझकर हमला, गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया गया। उक्त घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) के प्रतिनिधिमंडल ने गया के वरीय पुलिस अधीक्षक एवं मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सात सूत्री मांग रखी है।

ज्ञापन में मुख्य रूप से मांग की गई कि बाराचट्टी विधायक का क्षेत्र झारखंड सीमा से सटा एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण उन्हें बिहार सरकार द्वारा ''वाई प्लस'' श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान अस्थायी रूप से पुलिस स्कॉर्ट पार्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे जनहित के कार्यों को सुचारु रूप से कर सकें। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूर्व में भी विधायक पर चार-पांच बार आपराधिक हमले हो चुके हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया। 4 इस संबंध में बाराचटी एवं मोहनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह भी आरोप लगाया गया कि मोहनपुर थाना अध्यक्ष की कार्यशैली संदिग्ध रही है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस एस्कॉर्ट की मांग किए जाने के बावजूद सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। इसके साथ ही घटना के दौरान पकड़े गए नामजद अभियुक्तों को थाना अध्यक्ष द्वारा छोड़ दिया गया, जो घोर लापरवाही का प्रतीक है। बताया गया कि सभी अभियुक्त घटना के समय नशे की हालत में थे।

प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त मांगों पर अविलंब कार्रवाई नहीं की गई, तो हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) गया जिला इकाई द्वारा व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, गया संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता शंकर मांझी, प्रभारी प्रतिनिधि नंदलाल मांझी, सदर अनुमंडल प्रभारी प्रतिनिधि रामसनेही मांझी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुधीर यादव, दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीना मांझी, दिवाकर सिंह तथा कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सदानंद मांझी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नालंदा विश्वविद्यालय में 'कौटिल्य ग्लोबल सेंटर फॉर स्टेट कैपेसिटी' का शुभारंभ, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज

**राजगीर।** नालंदा विश्वविद्यालय ने कल औपचारिक रूप से कौटिल्य ग्लोबल सेंटर फॉर स्टेट कैपेसिटी का शुभारंभ किया। यह केंद्र वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ ) के देशों में शासन, सार्वजनिक नीति तथा राज्य क्षमता से जुड़े अनुसंधान, संवाद और व्यवहारिक अध्ययन को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल है। राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस उद्घाटन सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं, विद्वानों और प्रशासनिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा रहे। इस अवसर पर बिहार के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) तथा भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) श्री रुद्रेंद्र टंडन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य वक्तव्य देते हुए डॉ. पी. के. मिश्रा ने इस सेंटर की मूल भावना और उसके सभ्यतागत आधार को रेखांकित करते हुए कहा, ''एशियाई बौद्धिक विरासत और वैश्विक दक्षिण के शासन अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए यह सेंटर शासन संबंधी चिंतन की साझा वैश्विक क्षमता विकसित करने का प्रयास करे।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि , आयुष्मान भारत, जेएएम ट्रिनिटी तथा मिशन कर्मयोगी जैसी पहलें भारत में एक सक्षम राज्य व्यवस्था के निर्माण के जीवंत प्रयोग हैं और यह सेंटर इन अनुभवों को विश्व समुदाय के लिए उपयोगी ज्ञान में परिवर्तित करने की अद्वितीय क्षमता रखता है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि ग्लोबल साउथ के अधिकांश देशों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती नीतियों की कमी नहीं, बल्कि सार्वजनिक संस्थानों की वह सीमित क्षमता है, जिसके कारण नीतियों को निरंतर और व्यापक स्तर पर प्रभावी परिणामों में परिवर्तित नहीं किया जा पाता। उन्होंने कहा, अंततः शासन एक



नैतिक उपक्रम है और राज्य क्षमता नागरिकों की सेवा के लिए होती है। भारत की बौद्धिक परंपरा ने इस संबंध पर गंभीरता से विचार किया है और अब भारत इसे नए आत्मविश्वास और संस्थागत प्रतिबद्धता के साथ विश्व के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।'' कार्यक्रम मेंबिहार के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने विशेष संबोधन देते हुए भारत और विश्व के विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों तथा नीति केंद्रों के बीच अधिक सशक्त सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान-नेटवर्क भविष्य की शासन प्रणालियों को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में विश्व बैंक, गेट्स फाउंडेशन तथा कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन सहित अनेक प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।विश्व बैंक के श्री हेमांग जानी ने केंद्र की व्यापक संभावनाओं और उसके वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने सहभागी संस्थानों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए केंद्र की बौद्धिक दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईस्ट एशिया समिट) की प्रक्रिया के माध्यम से नालंदा विश्वविद्यालय का आधुनिक पुनरुत्थान इस सेंटर को एक जीवंत संस्थागत आधार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नालंदा आज एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय है जिसके पास भारत, एशिया और व्यापक वैश्विक दक्षिण को शासन और राज्य क्षमता जैसे साझा विषयों पर एक साथ जोड़ने की बौद्धिक शक्ति, परिसर और संवाद क्षमता उपलब्ध है।यह सेंटर विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली तथा गेट्स फाउंडेशन जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ साझेदारी में कार्य करेगा। भारत में यह मुख्य रूप से कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन तथा शासन और संस्थागत सुधार से जुड़े अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिलकर कार्य करेगा। इन संस्थागत सहयोगों के अतिरिक्त केंद्र दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के प्राथमिकता वाले देशों - श्रीलंका, भूटान, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम आदि - के साथ अनुसंधान, तकनीकी आदान-प्रदान तथा क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगा।

## मुड़लाचक के शिवा जी नगर वार्ड 7 में रास्ते पर जलजमाव, लोगों को आवागमन में परेशानी,प्रशासन से समाधान की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज नगर परिषद के मुड़लाचक शिवाजी नगर मोहल्ला स्थित वार्ड संख्या 7 के आम रास्ता में जल जमाव के चलते लोगों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलाने की मांग मुहल्लावासियों ने बुधवार को आवेदन देकर कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी से मुलाकात की है।कार्यपालक पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामलखन प्रसाद, जदयू जिला महासचिव अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, अरुण कुमार, आंगनवाडी सेविका सुनीता कुमारी, पूर्व मुखिया अनिरुद्ध प्रसाद आदि समेत दो दर्जन से अधिक प्रमुख मोहल्ला वासियों ने कहा है कि मुड़लाचक देवीस्थान के उत्तर से



सेवकस्थान तक जानेवाली आम रास्ते में कई महीने से नाली का पानी जमा रहने के कारण आंगनवाडी में पढ़ने वाले छोटे - छोटे बच्चे गिरकर अक्सर घायल हो जाते हैं। इस रास्ता होकर हर किसी का जाना मुश्किल हो गया है। महल्ला वासियों ने जल जमाव के चलते मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बचाने की भी मांग की है। साथ ही, शिवाजी नगर के वार्ड संख्या 7 के नाली के पानी का निकासी मुख्य सड़क के बगल होकर गुजरने वाले नाला में मिलाने की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी ने समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### किसानों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये-अनुनय



शिवम गुप्ता ब्यूरो चीफ
हरदोई।

**हरदोई।** आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में किसानों की समस्याओं एवं कृषि संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए तथा कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक में किसानों द्वारा सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, खाद एवं बीज की उपलब्धता, नहरों की सफाई, फसल बीमा तथा राजस्व संबंधी समस्याएं उठाई गईं, जिनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, उन्नत खेती, जैविक कृषि एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल, उप निदेशक कृषि सतीश पाण्डेय , जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चंद्रा, सीवीओ अशोक कुमार सिंह, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### भारत में अवैध तरीके से रह रहा बांग्लादेशी लखनऊ से गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेजों से चला रहा था क्लिनिक



रत्ना

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रहकर क्लिनिक चलाने वाले बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। आरोपित 2012 में अवैध तरीके से भारत आया था। सीतापुर रोड स्थित अस्ती रेलवे क्रासिंग के पास रहकर बंगाली चांदसी क्लिनिक चलाता था। आरोपित के खिलाफ बीकेटी थाने के दारोगा ने 16 मई को धोखाधड़ी, विदेशियों विषयक अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को उसे किसान पथ स्थित विपश्यना ध्यान केंद्र फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया गया। बीकेटी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विकास पांडेय ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित बांग्लादेश के नरैल स्थित देवभोग का रहने वाला अरूप बख्शी है। पूछताछ में अरूप कि वह 2012 में नेपाल से लखीमपुर के रास्ते सीतापुर पहुंचा।

### सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पेश की समाजवादी पीडीए आडिट रिपोर्ट, सरकार पर आरक्षण की लूट का आरोप



रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने आरक्षण के खतरे में होने के नैरेटिव के सहारे पीडीए समीकरण को मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है। सपा प्रमुख ने सरकार बनने पर 90 दिन में जातीय जनगणना कराने और 69000 शिक्षक भर्ती प्रकरण के समाधान का वादा भी किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में समाजवादी पीडीए आडिट रिपोर्ट का पहला भाग पेश किया। इसमें वर्ष 2019 से अब तक 22 भर्तियों में पीडीए के 11,514 आरक्षित पदों की लूट के आरोप लगाए गए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती आदि अन्य परीक्षाएं शामिल हैं।

# बिजनौर मीरपुर मालन नदी में खनन का खूनी खेल, किसानों ने रोका अवैध खनन तो चलीं गोलियां, दहशत में डूबा जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

नजीबाबाद-कोटद्वार रोड स्थित ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी में मालन नदी के खनन पट्टे को लेकर मंगलवार उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों और कथित खनन माफियाओं के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन का विरोध करने पर खनन पट्टा संचालकों और उनके गुर्गों ने किसानों पर कई राउंड फायरिंग कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहल उठा और गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम मीरपुर दुर्ग क्षेत्र में आवंटित खनन पट्टे के तहत प्रशासन और सरकार से अनुमति मिलने के बाद खनन कार्य चल रहा था। आरोप है कि पट्टा संचालक शिवम और उसके साथी आसपास के किसानों की जमीनों में रात के अंधेरे में जबरन अवैध खनन करा रहे थे। बताया गया कि पोकलेन मशीनों से खेतों में अवैध खनन की सूचना मिलने पर किसान गांव में मची अफरा-तफरी मौके पर पहुंचे और इसका विरोध किया। आरोप है कि किसान नदीम, जावेद और लियाकत अली समेत अन्य ग्रामीणों ने जब अवैध खनन रुकवाने की कोशिश की तो शिवम और उसके साथियों ने जान से मारने की नीयत से किसानों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। किसान और स्थानीय ग्रामीण किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी फायरिंग करते हुए अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से फरार हो गए, जबकि दूसरी सफारी गाड़ी भीड़ के कारण मौके पर ही छूट गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। जबकि ग्रामीण जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही नजीबाबाद थाना पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का घटना स्थल के पास ग्रामीणों से जानकारी करती पुलिस। कहना है कि 11 मई से क्षेत्र में खनन पट्टा संचालित हो रहा था और तभी से ग्रामीणों में अवैध खनन को लेकर नाराजगी थी। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर किसानों की जमीनों तक को निशाना बनाया जा रहा था।

ग्रामीण परवेज, अफजाल, अरमान, सुन्दर, आदिल, शाहनवाज, नदीम और इरशाद समेत कई लोगों ने पुलिस प्रशासन से खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गोलियों की गूंज से सहमा गांव अवैध खनन रोकने पहुंचे किसानों पर फायरिंग का आरोप। पोकलेन मशीनों से खेतों में जबरन खनन की शिकायत। फॉर्च्यूनर से फरार हुए आरोपी, सफारी मौके पर छोड़ी। पुलिस ने मौके से लोगों के बयान दर्ज कर और सबूत इकट्ठे कर जांच शुरू की। ग्रामीणों का आरोपः खनन माफियाओं का आतंक लगभग 8 दिन से दबंगई के बल पर चल रहा अवैध खनन। विरोध करने वालों को दी जाती हैं धमकियां। ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग, इलाके में तनाव, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी। ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी में किसानों के खेत से खनन सामग्री निकालने को लेकर विवाद हुआ था। खेत स्वामी नदीम व अन्य ने खनन कर रहे लोगों पर गोली चलाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिजनौर बगैर अनुमति निर्माण पर विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना सख्त, प्रशासन को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट आकांक्षा रानी**

**कोतवाली देहात ।** विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रहमुल्ला कॉलोनी में कथित रूप से बिना प्रशासनिक अनुमति एवं बिना मानचित्र स्वीकृति के निमार्णाधीन मीनार/ढांचे को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियोंएवं कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी नगीना को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठन का आरोप है कि क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन में मांग की गई है कि निर्माण स्थल के सभी दस्तावेज, अनुमति पत्र एवं मानचित्र स्वीकृति की तत्काल जांच कराई जाए और यदि कोई भी अनियमितता सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। विश्व हिन्दू राष्ट्र सेना के कार्यकताओं ने कहा कि कानून सबके लिए समान होना चाहिए और किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने प्रशासन से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन तेज किया जाएगा।

## लखनऊ : लोग रील बनाते रहे और सड़क पर देर तक पड़ा रहा शव, लखनऊ में साइकिल से काम पर निकले युवक की दर्दनाक मौत

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिम में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में साइकिल से काम पर जा रहे कारपेंटर को ट्रक ने कुचल दिया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई मौत के बाद काफी देर तक शो सड़क पर पड़ा रहा लोग रील बनाते रहे मोहनलालगंज के दाडा सिकंदर निवासी प्रेमचंद 59 रोज की तरह साइकिल से मजदूरी करने पीजीआई जा रहे थे। झोले में बढ़ईगिरी का सामान रखा था। रायबरेली रोड किसान पथ अंडरपास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आसपास के लोगों के अनुसार ट्रक प्रेमचंद के सिर पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

## सोना खरीद पर लगी पाबंदी को लेकर स्वर्णकार समाज में चिंता, संगठन विस्तार के साथ आशीष सोनी बने नगर अध्यक्ष

लोक तंत्र की आवाज



**जालौन** /अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर के बैठगंज बाजार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सोना खरीद पर लगी पाबंदी, उससे व्यापार पर पड़ रहे विपरीत असर, सामाजिक एकजुटता, संगठन विस्तार और समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से आशीष सोनी को संगठन का नया नगर अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में मौजूद समाज के लोगों ने हाल ही में सोना खरीद पर लगी पाबंदी और अन्य सामाजिक मामलों को लेकर अपनी चिंताएं साझा कीं। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की पाबंदियों से स्वर्णकार समाज के पारंपरिक व्यवसाय और रोजगार पर संकट खड़ा हो रहा है, जिसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ. विवेक स्वर्णकार ने कहा कि समाज की उन्नति और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए संगठन का मजबूत होना बेहद जरूरी है। स्वर्णकार समाज एक मेहनतकश और प्रतिभाशाली समाज है, जिसने हमेशा व्यापार, कला और सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। झांसी मंडल प्रभारी अशोक कुमार स्वर्णकार ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। यदि सभी लोग संगठित होकर कार्य करेंगे तो सोना खरीद पर पाबंदी जैसी समस्याओं और अन्य सामाजिक चुनौतियों का समाधान आसानी से किया जा सकेगा। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें आशीष सोनी को नगर अध्यक्ष, महेश स्वर्णकार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवेश स्वर्णकार को जिला महामंत्री और मनोज सोनी को जिला सचिव मनोनीत किया गया। इसके बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी पदाधिकारियों ने समाज और व्यापारियों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर झांसी जिला संगठन मंत्री मनोज स्वर्णकार, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, हरीश सोनी, मुन्नीलाल सोनी, कपिल सोनी, कमलेश सोनी, श्यामजी सोनी, अन्नू सोनी, विनोद सोनी, विनोद सोनी पतराही, रामनारायण सोनी, दिनेश सोनी, धर्मेंद्र सोनी, ऋषि सोनी, विमल सोनी, मनोज सोनी, शिवम सोनी, रामजी सोनी, दीपक सोनी और महेश स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## बिजनौर ईंट भट्टे की परमिशन की आड़ में खनन माफिया, जेसीबी और ओवरलोड डंपरों से उड़ा रहे नियमों की धज्जियाँ

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**मंडावली।** थाना क्षेत्र में इन दिनों ईंट-भट्टे की अनुमति की आड़ में माफियाओं द्वारा मिट्टी का अवैध खनन जेसीबी व डंपर द्वारा तेज गति से रफ्तार पकड़ रहा है। लेकिन माफिया राजस्व विभाग के अधिकारियों व पुलिस की सेटिंग कर उन्हें के संरक्षण में व्यापक रूप से दिन के उजाले में थाना क्षेत्र में इर्द-गिर्द डंपर से भराव करके मोटी रकम कमाने के चक्कर में लगा हुआ है। क्योंकि माफियाओं पर सरकार व जिला अधिकारी का आदेश कोई भी मायने नहीं रखता है। भट्टे की परमिशन में एक जेसीबी का प्रयोग होना अनिवार्य होता है मगर दबंग माफिया परमिशन की आड़ में तीन जेसीबी संचालित करके बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन संजीवनी समझकर व्यापार बना लिया है। कमाल बात यह है कि माफियाओं की सक्रियता के चलते उच्चाअधिकारी भी फेल होते नजर आ रहे हैं तथा ट्वीट के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया जाता है तो ट्विटर पर सिर्फ आख्या दी जाती है करवाई सिर्फ शून्य दिखती है जिसे आमजन मानस एक औपचारिकता जैसा प्रतीक करता है। एन एच 74 पर प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ी भी घूमती रहती है लेकिन खनन माफियाओं के ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपरों को रोकने में जरा सी भी गंभीरता नहीं दिखा पाते हैं। जबकि इन ओवरलोड डंपरों से आवागमन बहुत ज्यादा प्रभावित वर्तमान समय में हो रहा है। मगर मंडावली पुलिस सिर्फ माया के लालच में कुछ भी करने के लिए माफिया को संरक्षण दे देती है। जबकि माफिया ने श्यामीवाला में कई महीने पूर्व इसी तरह ईट भट्टे की आड़ में बड़े पैमाने पर उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंक कर मोटी रकम कमा डाली थी जब वह मामला मीडिया ने उजागर किया था वह माफिया के पैरों तो जमीन खिसक गई थी वह मीडिया कर्मियों पर ही तरह-तरह के आरोप लगाने पर उतारू हो गया था।

## भीषण गर्मी में जलसंकटः नगर निगम जलकल विभाग पर भड़के पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा, आंदोलन की दी चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज़



**साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ**

**सहारनपुरः** आसमान से बरसती आग और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच सहारनपुर महानगर के दर्जनों वार्डों में पेयजल संकट पूरी तरह गहरा चुका है, जिससे त्रस्त जनता की आवाज बनकर वरिष्ठ सपा नेता व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा का गुस्सा नगर निगम की जनसुनवाई में फूट पड़ा। उन्होंने जलकल विभाग के अधिकारियों और महाप्रबंधक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के इस दौर में जब जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है, तब जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित दफ्तरों में बैठकर केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं। पार्षदों का दावा है कि शहर में जलापूर्ति सुचारू करने के लिए लगाए गए 6 नए नलकूप आज भी प्रशासनिक उदासीनता के कारण सफेद हाथी साबित हो रहे हैं और इन्हें चालू नहीं किया गया है, वहीं दूसरी ओर पूर्व में बिछाई गई पाइपलाइनों का इंटर-कनेक्शन (आपसी जुड़ाव) ठीक न होने से पानी का प्रेशर अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसका खामियाजा आम जनता, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भीषण धूप में दूर-दराज से पानी ढोकर भुगतना पड़ रहा है। लगातार पत्रों के माध्यम से आगाह किए जाने के बावजूद अधिकारियों द्वारा बरती जा रही इस घोर लापरवाही के खिलाफ पार्षद डॉ. एहतेशाम, अहमद मलिक, नदीम अंसारी, नितिन जाटव, फराज अंसारी, फहाद सलीम और डॉ. मोहतसीम सहित भारी संख्या में पार्षदों ने एकजुट होकर हुंकार भरी है; उन्होंने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि अविलंब पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो वे जनता को सड़कों पर उतारकर जलकल विभाग के खिलाफ एक बड़ा और उग्र आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

## हरदोई : बाजार से सब्जी लेकर साईकिल से घर लौट रहे अधेड को पिकप ने मारी टक्कर, मौत

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।**

हरदोई। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे कोथावा-संडीला मार्ग पर ओमकारनाथ धर्मकांटे समीप साईकिल सवार अधेड को पिकप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साईकिल सवार बुजुर्ग युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के राहगीरो की सूचना पर पहुचे घायल के परिजनों ने अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा लेके गए।जहा पर चिकत्सको ने अधेड की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया।इलाज के दौरान मंगलवार रात 1:30 बजे उनकी मौत हो गयी।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलासपुर मांइनर गांव निवासी रामकुमार शर्मा पुत्र स्व रामरतन शर्मा उम्र 71 वर्ष खेतीवाणी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। रामकुमार शर्मा मंगलवार शाम 6:30 बजे साईकिल से कोथावा मे बाजार से सब्जी लाकर वापस घर आ रहे थे। इस दौरान बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे कोथावा-संडीला मार्ग पर ओमकारनाथ धर्मकांटे समीप साईकिल सवार रामकुमार शर्मा की साईकिल मे नए टायर लदे पिकप संख्या वढ-32-दळ-8143 ने जोरदार टक्कर मार दी। पिकप की टक्कर लगने साईकिल सवार रामकुमार सिर के बल रोड के किनारे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए।ओमकारनाथ धर्मकांटे के संचालक पुष्पेंद्र तिवारी ने सूचना घायल के परिजनों को दी। सूचना पर पहुचे घायल के परिजनों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को ले गए। जहा पर चिकत्सको ने बुजुर्ग युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया।इलाज के दौरान मंगलवार रात 1:30 बजे उनकी मौत हो गयी।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मौत की सूचना मिलने पर घर मे कोहराम मच गया।कोतवाली शहर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मृतक पांच भाइ बहनो मे दुसरे नंबर पर था। मृतक अपने पीछे पत्नी रामवती, व बेटे बबलू, महेंद्र, सुनील सुशील व बेटी रामेश्वरी, तपेशवरी व नंदनी को पीछे छोड़ है। बेनीगंज कोतवाली प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि कोथावा-संडीला मार्ग पर हुलासपुर टावर समी ओमकार नाथ धर्मकांटे पास हुए हादसे की जानकारी हमें है। मृतक के पुत्र महेंद्र ने लिखित शिकायती पत्र दिया है। पिकप वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर वाहन की तलाश की जा रही है।

## बिजनौर करौंदा चौधर में तालाब सफाई के नाम पर लाखों का खेल

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत करौंदा चौधर में स्थित धोबिया तालाब को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार सामने आने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने तालाब की सफाई और विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर गांव में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक-दो वर्षों पूर्व भी तालाब की सफाई के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान कराया गया था, लेकिन धरातल पर कोई वास्तविक कार्य दिखाई नहीं देता। आज भी तालाब गंदगी, बदबू, घास फूस और जलभराव से भरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि केवल कागजों में काम दिखाकर सरकारी धन निकालने का खेल चल रहा है। गांव वालों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान पति द्वारा अब पुनः फर्जी एमबी तैयार कराकर कई लाख रुपये का भुगतान कराने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौके की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरा मामला खुलकर सामने आ जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाए हैं कि इतने बड़े भुगतान से पहले क्या संबंधित विभागों से तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति ली गई है या नहीं। उनका कहना है कि बिना वास्तविक कार्य के सरकारी धन निकालना सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। मामले को गंभीर बताते हुए ग्रामीणों ने जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर से शिकायत कर तत्काल भुगतान रोकने, उच्चस्तरीय जांच कराने, फर्जी एमबी की जांच करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारतीय भाषा समर कैंप का विद्यालय में भव्य समापन



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। कहलगांव प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामराय बाग खुटहरी में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन हो गया है। समापन दिवस पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इन कार्यक्रमों में अंताक्षरी,मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला शामिल थे। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भाषा समर कैंप की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया गया। प्रधान शिक्षक सर्वोत्तम कुमार शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में शिक्षक रतन कुमार, कल्पना कुमारी, गीता कुमारी,मधुप्रिया ,लाल बाबा सहित अन्य अभिभावक गण उपस्थित रहे।

### शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध शराब बरामद किया। बुधवार को ककरघट पुल के पास 45 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने विश्वनाथ यादव के पुत्र रामेश्वर यादव को पकड़ा। जानकारी के अनुसार, तस्कर शराब की खेप को पुल के पास रखकर कहीं और भेजने की फिराक में था। छापेमारी के बाद लौटते समय पुलिस टीम ने हंगामा कर रहे दो शराबियों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच हुआ है। स्थानीय अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान की सराहना की है। छापेमारी टीम में पीरपैंती थाना प्रभारी पंकज कुमार राउत और संगम कुमारी सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

### जगदीशपुर नगर पंचायत स्थित वार्ड 05 शिवरतन नगर में युवक का शव मिलने से सनसनी



लोक तंत्र की आवाज

जगदीशपुर। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नगर स्थित शिवरतन नगर में बुधवार की शाम एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव सती माई स्थान के पास पइन किनारे बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि देर शाम तक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। सूचना मिलने पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल एवं अपर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की बारीकी से जांच की। पुलिस के अनुसार युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। साथ ही शरीर के कुछ हिस्सों पर आग से जलने के भी निशान पाए गए हैं। इससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए। टीम ने शव की बारीकी से जांच की। युवक ने जिंस और शर्ट पहन रखी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि शव बरामद कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। युवक की पहचान कराने का प्रयास जारी है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे वास्तविक कारण क्या है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

# मोरवा : सहयोग शिविर में सौ से अधिक मामलों की सुनवाई, कई समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान




लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर/मोरवा। बिहार सरकार के निर्देश पर मंगलवार से शुरू हुए सहयोग शिविर के तहत मोरवा प्रखंड की हरपुर भिंडी पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित शिविर की अध्यक्षता जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी अली अनवर ने की। शिविर में ग्रामीणों ने नल-जल योजना में गड़बड़ी, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली बिल सुधार, जमीन दाखिल-खारिज समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

अधिकारियों ने अधिकांश मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में कुल एक सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में राशन कार्ड एवं नल-जल योजना से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। हरपुर भिंडी पंचायत से प्राप्त 47 आवेदनों में 18 मामलों का पूर्ण निष्पादन कर दिया गया, जबकि 29 मामलों का आंशिक समाधान किया गया।इसके अलावा अन्य आवेदनों पर भी विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी अली अनवर ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

मौके पर बीडीओ अरुण कुमार निराला, सीओ आलोक चंद्र रंजन, पीओ रंजीत कुमार, सहकारिता पदाधिकारी रविरंजन कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी संजीव कुमार, कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हरिशंकर प्रसाद, ताजपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मालिकौर में श्रीराम कथा के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



लोकतंत्र की आवाज

रामजी कुमार

समस्तीपुर/पूसा। जिले के पूसा प्रखंड क्षेत्र के मालिकौर गांव स्थित मामा सती मंदिर परिसर में श्रीरामचरितमानस प्रचार-प्रसार संघ के तत्वावधान में आयोजित भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा स्थल पर दोपहर दो बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।पूरा वातावरण भक्ति रस, भजन-कीर्तन और राम नाम के जयघोष से गुंजायमान रहा।

कथा वाचिका देवी अनुराधा सरस्वती जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को सबसे पहले अपने अंतःकरण को शुद्ध करना चाहिए, तभी सच्चे आनंद की अनुभूति संभव है।उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने से पहले सज्जनों को प्रणाम करें या न करें, लेकिन दुष्ट और खल प्रवृत्ति के लोगों को अवश्य प्रणाम करना चाहिए, ताकि जीवन में विनम्रता बनी रहे।कथा प्रारंभ करने से पूर्व उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रणाम का महत्व समझाया और कहा कि रामकथा कामधेनु गाय के समान है, जो मानव जीवन को सुख, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है। आगे उन्होंने राम नाम महत्व पर प्रकाश डाला।

कथा के दौरान महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या मौजूद रही। श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से कथा श्रवण करते नजर आए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी दिनों में श्रीरामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमयी वर्णन किया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीरामचरितमानस प्रचार-प्रसार संघ के अध्यक्ष तरुण जी, नवीन कुमार, विजय राय, रमेश राय, संतोष राय, राहुल, रविरंजन, अशोक, रजनीश कुमार, अमरनाथ कुमार, उदय शर्मा सहित बड़ी संख्या में मां सती मंदिर के श्रद्धालु एवं स्थानीय ग्रामीण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

## भाजपा संगठन के बूथ पर मजबूती के लिए बैठक हुई



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।बाराहाट मंडल बारा पंचायत की भारतीय जनतापार्टी सांगठनिक बैठक शक्ति केंद्र प्रमुख योगेश साह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक मै बूथ मजबूत और मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा की गई।उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष महेंद्र पोद्दार मंडल महामंत्री मनोज साह जी,उपाध्यक्ष प्रकाश शुक्ला जी ,कोषाध्यक्ष बबलू शर्मा जी,विधानसभा स्तर के कार्यकर्ता अमरजीत भारतीय जी,सह प्रमुख बैजू गोस्वामी, बूथ अध्यक्ष प्रवीण कुमार साह सुशील साह,प्रदीप कुमार ठाकुर,सुनील साह,राजा कुमार शर्मा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीनपहाड़ सुभाष चौक के पास वाहन जांच अभियान चला





लोकतंत्र की आवाज़

साहिबगंज/ तीनपहाड़। सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार शाम तीनपहाड़ स्थित सुभाष चौक पर परिवहन पदाधिकारी साहेबगंज और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया।

**■ नियमों की अनदेखी के मामले में 40000 जुर्माने वसूले**

इस दौरान सैकड़ों दोपहिया वाहनों को रोक कर उनके कागजातों की जांच की गई।वही मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि विभाग के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।अक्सर वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट सहित सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते है।जिस वजह से आए दिन बड़ी बड़ी दुर्घटनाए घटित होती नजर आ रही है,इसीलिए भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन सजग है और समय समय पर मुख्य मार्ग पर जांच अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इधर जांच अभियान से दोपहिया वाहन के चालकों सहित टोटो,टेंपो सहित अन्य वाहनों में आफरा तफरी देखी गई।

जानकारी के अनुसार नियमों की अनदेखी करने वाले वैसे चालकों से खबर लिखे जाने तक लगभग 40000 का जुर्माना लगाया जा चुका था।मौके पर थाना के एसआई महेंद्र कुमार,रोड इंजिनियर अनुज परासर सहित अन्य मौजूद थे।

## सीएस साहिबगंज ने एएनएम के साथ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



साहिबगंज। सिविल सर्जन, साहिबगंज द्वारा जिला अंतर्गत कार्यरत सभी ए एन एम के साथ समीक्षा बैठक सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से ए एन एम उपस्थित हुईं एवं उनके कार्यों की बारी-बारी से विस्तृत समीक्षा की गई।

सिविल सर्जन द्वारा सभी ए एन एम को अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी, ईमानदारी एवं सेवा भाव के साथ जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों को सफल बनाना तथा सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सिविल सर्जन ने विशेष रूप से गर्भवती माताओं एवं बच्चों को समय पर ए एन सी टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य सेवाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित एंट्री विभिन्न पोर्टल एवं ऐप पर शत-प्रतिशत एवं समय पर सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य उपकेंद्रों को समय पर खोलने, नियमित रूप से सेवाएं प्रदान करने, जनजागरूकता अभियान चलाने तथा आपसी सहयोग एवं टीम वर्क के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में डी एल ओ डॉ. किरणमाला, डीपीएम , डी ए एम,डीडीएम, डीपीएम यू,कोऑर्डिनेटर्ब डीपीसी सहित अन्य जिला स्तरीय स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## साहिबगंज में ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में कोटालपोखर के दवा दुकानदारों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज़



साहिबगंज/ बरहरवा। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट्स के आह्वान पर ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में साहिबगंज जिला के केमिस्ट एवं ड्रजिस्ट संघ द्वारा कोटालपोखर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी दवा दुकानदारों ने एकजुट होकर ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था का विरोध जताया और सरकार से इस पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की मांग की।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला सचिव कृष्ण भगत ने किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय दवा दुकानदारों के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही बिना उचित चिकित्सकीय सलाह के दवाओं की उपलब्धता लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है।उन्होंने कहा कि दवा एक संवेदनशील वस्तु है, जिसकी बिक्री निर्धारित नियमों और योग्य फार्मासिस्ट की निगरानी में ही होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान दवा दुकानदारों ने शांतिपूर्वक अपनी मांगों को रखा तथा सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर कड़े नियम लागू करने की अपील की। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्थानीय मेडिकल दुकानदार वर्षों से लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते आ रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन कंपनियों के बढ़ते प्रभाव से छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। उक्त मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव कृष्ण भगत, डॉ. सोनू भगत, उत्तम कुमार, ऋषि गुप्ता, विद्यासागर साह, चंदन नियोगी सहित कई दवा दुकानदार मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन के निर्णय का समर्थन किया और भविष्य में भी आवश्यक होने पर आंदोलन जारी रखने की बात कही।

## युवा संवाद चौपाल कार्यक्रम के तहत युवा राजद ने की बैठक,संगठन विस्तार को लेकर बनाई रणनीति

लोकतंत्र की आवाज़



साहिबगंज। झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार के द्वारा चलाए जा रहे युवा संवाद चौपाल कार्यक्रम के तहत आज साहिबगंज परिसदन मे युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष मो सद्दाम हुसैन की अध्यक्षता में युवा संवाद चोपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार,झारखंड प्रदेश सह प्रभारी युवा राष्ट्रीय जनता दल के क्षितिज मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवेश प्रवक्ता कमलेश यादव मौजूद थे।

कार्यक्रम में मंच संचालन मुन्ना यादव ने किया ।जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश महासचिव सह प्रभारी सहित सभी पदाधिकारी को पुष्प माला देकर स्वागत किया ।कार्यक्रम मे जिला राजद के पदाधिकारी के आलवा सभी प्रखंड अध्यक्ष ने संगठन को लेकर अपनी अपनी बातों को रखा गया,वही युवा संवाद चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को युवा राष्ट्रीय जनता दल से जोड़ने युवाओं को मजबूत बनाने युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय जनता दल की नीति सिद्धांतों को घर-घर जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया ।मौक़े पर राजद के जिला उपाध्यक्ष संजय यादव,दिनेश यादव, भरत यादव,आशुतोष रंजन,दीपक कुमार यादव,रामावतार सिंह,सुशील कुमार यादव,प्रकाश कुमार,उत्तम कुमार यादव, शैलेश मिश्रा,अमन यादव,वीरेन्द यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## मजदूर हड़ताल के समर्थन में खेग्रामस ने निकाला जुलूस

लोकतंत्र की आवाज




समस्तीपुर। जिले के ताजपुर प्रखंड अंतर्गत देशव्यापी मजदूर हड़ताल के समर्थन में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मजदूरों ने अपने-अपने काम छोड़कर बाजार क्षेत्र के जनता मैदान में इकट्ठा होकर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ( खेग्रामस ) के बैनर तले बुधवार को जनता मैदान से विशाल जुलूस निकालकर सभा का आयोजन किया।

जुलूस नारे लगाकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनःकर्बला पोखर चौक पर पहुंचकर जुलूस नारेबाजी के बाद सभा में तब्दील हो गया जहां मजदूरों एवं किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मेहनतकश जनता का जीवन लगातार संकट में पड़ता जा रहा है। मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है और मजदूरों के अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य आसिफ होदा ने मनरेगा को पुनर्बहाल करने, मजदूर विरोधी एवं "गुलामी का दस्तावेज" बताए जा रहे चार लेबर कोड को वापस लेने, मजदूरों को 700 रुपये दैनिक मजदूरी देने,2 दिन काम देने एवं देशभर में आंदोलनरत मजदूरों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा जेल में बंद मजदूर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को रिहा करने की मांग उठाई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष प्रभात रंजन गुप्ता ने बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमत कम करने तथा गरीबों को राहत देने की भी मांग की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूर, किसान, भाकपा माले एवं खेग्रामस कार्यकर्ता शामिल रहे। सभा का संचालनकर्ता मो. एजाज ने कहा कि मजदूरों-किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। मौके पर लखींद्र पासवान, मो. इस्लाम, राजकिशोर महतो, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः जिला पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक एवं जिला सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चम्पारण ने संयुक्त रूप से जिले के ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण किया



**ब्यूरो चीफ शशिकांत मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा ज़िला सत्र ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायाधीश ने अधिकारियों ने पपर्यवेक्षण गृह में निवासरत बच्चों की समग्र स्थिति का जायजा लिया। वहीं निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने वहाँ उपलब्ध शैक्षणिक व्यवस्था एवं शिक्षा सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। यह दृष्टिकोण रेखांकित करते हुए कि समाज के विरुद्ध अपराधों से जुड़े इन बच्चों को दंड की नहीं, बल्कि पुनर्वास और स्नेह की आवश्यकता है, तीनों अधिकारियों ने बच्चों से सीधे संवाद किया। अधिकारियों ने वहाँ तैनात मनोवैज्ञानिक से भी भेंट कर बच्चों की मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति के संबंध में विस्तृत चर्चा की। रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता,स्वच्छता एवं साफ- सफाई की व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इसके साथ ही पर्यवेक्षण गृह में स्थापित न्यायालय कक्ष एवं कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया और वहाँ की प्रक्रियागत व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान कई अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मंगवार पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर आयोजित, 166 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



**सहरसा संवादाता।** जिला के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र के मंगवार पंचायत अंतर्गत दुर्गापुर स्थित पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को जनसमस्याओं के समाधान को लेकर एक दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित निष्पादन का प्रयास किया गया। शिविर में सबसे अधिक भीड़ आधार, मेडिकल एवं राजस्व काउंटर पर देखने को मिली। इस दौरान जाति, आवासीय, एलपीसी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार एवं परिमार्जन से संबंधित मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।कार्यक्रम का निरीक्षण बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने किया। उन्होंने क्रमबद्ध तरीके से सभी काउंटरों का जायजा लिया तथा लोगों की लिखित समस्याओं को पढ़कर समाधान हेतु सोनवर्षा के बीडीओ अमित आनंद को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लाभुकों के बीच जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। बीडीओ अमित आनंद ने बताया कि शिविर में कुल 230 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 166 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान की प्रक्रिया जारी है। शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया।

### रोजगार सेवकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा मांग पत्र

**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर में अखिल भारतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के आह्वान पर 'मनरेगा बचाओ' आंदोलन के तहत आज चोरा टभका पंचायत भवन पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद रोजगार सेवक को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मनरेगा योजना को पुनः बहाल किया जाए,मजदूरों को 100 दिन काम की गारंटी की जाए,मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस लिए जाए,रसोई गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत दूर करो एवं मूल्य वृद्धि वापस लो,महंगाई पर रोक लगाई जाए की मांग की गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला सचिव मंडल सदस्य कॉ.महेश कुमार ने कहा कि "सरकार मनरेगा को खत्म कर गरीबों का निवाला छीन रही है। रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की बेतहाशा कीमत से जनता की कमर टूट गई है।"वहीं डॉ.विष्णु देव प्रसाद ने कहा कि "100 दिन काम का कानूनी अधिकार है। मूल्य वृद्धि वापस लो, वरना सड़क से सदन तक संघर्ष होगा।"सभा को राम पुनीत वर्मा,सुरेंद्र दास,बबलू कुमार,रामकुमार,संजय कुमार, आदि ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज होगा। मौके पर जागबली राय,कृष्णदेव दास,घुरन महतो, परमेश्वर प्रसाद सिंह,शील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# सौरबाजार में सहयोग शिविर आयोजित, मंत्री के इंतजार में घंटों बैठे रहे लोग









लोकतंत्र की आवाज

**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।**
सौरबाजार प्रखंड क्षेत्र के रामपुर एवं गम्हरिया पंचायत सरकार भवन में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ हेतु सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं एवं आवेदन को लेकर पहुंचे। रामपुर पंचायत में आयोजित शिविर में कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 45 आवेदनों का मौके पर निष्पादन कर दिया गया। एक राशन कार्ड संबंधी आवेदन पोर्टल की तकनीकी समस्या के कारण लंबित रह गया, जिसे पोर्टल शुरू होते ही निष्पादित करने की बात अधिकारियों ने कही। वहीं गम्हरिया पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 47 आवेदनों का निष्पादन किया गया। रामपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी पूर्व निर्धारित समय दोपहर 12:50 बजे की बजाय करीब 3 बजे पहुंचे, जिससे लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। मंत्री के पहुंचने पर सहरसा सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी ने माला एवं गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सरकार पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही है, जिससे आम लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी दिपेश कुमार ने कहा कि जिले की सभी पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु, पूर्व विधायक डॉ आलोक रंजन, बीडीओ आशा कुमारी, सीओ विद्याचरण, बीईओ नरेंद्र कुमार निराला, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, प्रमुख नजमुन निशा, उप प्रमुख धीरेंद्र यादव, मुखिया जनार्दन यादव समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गरीब परिवार हक की जमीन के लिए आमरण अनशन पर बैठा, एसडीओ के आश्वासन पर टूटा अनशन



लोकतंत्र की आवाज

**अमित कुमार**
**सौरबाजार**/सहरसा संवाददाता। सहरसा जिले के सौर बाजार वार्ड नंबर 6 निवासी विष्णुदेव पासवान अपने परिवार के साथ बुधवार को सहरसा स्टेडियम परिसर में आमरण अनशन एवं धरना पर बैठ गए। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से अपने वासगीत पर्चा की जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने तथा सुरक्षा की मांग की।

पीड़ित विष्णुदेव पासवान ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा उन्हें 4 डिसमिल वासगीत पर्चा की जमीन आवंटित की गई थी, जिसपर वह कई वर्षों से ईंट एवं खपरैल का घर बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा लगातार गाली-गलौज, घर तोड़ने एवं जमीन खाली करने की धमकी दी जा रही है। विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में उनके घर में आग लगा दी गई थी, जिससे उन्हें काफी क्षति हुई थी। मामले को लेकर कई बार सौर बाजार अंचलाधिकारी एवं सौर बाजार थाना में आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वहीं थाना के कुछ अधिकारियों पर दुर्व्यवहार एवं झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर सहरसा एसडीओ श्रेयांश तिवारी ने हस्तक्षेप करते हुए अनुमंडल कार्यपालक पदाधिकारी सदर को अनशन स्थल पर भेजा। अधिकारियों द्वारा पीड़ित परिवार से बातचीत की गई। इसके बाद एसडीओ द्वारा 25 मई तक पीड़ित को उनके हक की जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद अनशन समाप्त कराया गया। वहीं पीड़ित पक्ष एवं स्थानीय लोगों का कहना है कि अब देखना होगा कि प्रशासन अपने आश्वासन को कितना गंभीरता से लागू करता है और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

## मोतिहारीः महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ मिडिया स्टडीज के तीन छात्राओं ने एक माह का इंटर्नशिप प्राप्त किया



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के डिपार्मेंट ऑफ मीडिया स्टडीज के तीन छात्रों- सुश्री अपर्णा शर्मा,विरोनिता राय एवं काजल कुमारी ने जिला जनसंपर्क कार्यालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी में एक माह का इंटर्नशिप सफलतापूर्वक प्राप्त किया। जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को इन छात्रों को इंटर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करतें हुए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर जिला अधिकारी सौरभ जोरवाल एवं ज़िला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश उपस्थित रहे।

## मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में स्टार्टअप्स के लिए लीगल एंड कंप्लायंस क्लिनिक्स कार्यशाला का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (एमसीई) के उद्यमिता प्रकोष्ठ (ई-सेल) और उद्योग विभाग, बिहार सरकार के स्टार्टअप बिहार कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार दिनांक 20 मई 2026 को कॉलेज परिसर के नए प्रशासनिक भवन में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मोतिहारी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो० डॉ० नवीन कुमार,जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार, स्टार्ट-अप सेल प्रबंधक डॉ० रवि कुमार और नवीन कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। लीगल एंड कंप्लायंस क्लिनिक्स विषय पर आधारित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों को स्टार्टअप्स एवं नवाचार से जुड़े जरूरी कानूनी व प्रशासनिक नियमों के प्रति जागरूक करना था। सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक चले इस व्यावहारिक सत्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के जरिए नए विचारों को सुरक्षित करने, स्टार्टअप्स के लिए अनिवार्य जीएसटी और टैक्स कंप्लायंस को समझने, कंपनी निगमन की प्रक्रिया व उसके फायदों और व्यावसायिक अनुबंधों की बारीकियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कॉलेज के ई-सेल द्वारा आयोजित इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम ने युवाओं को विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने और अपने बिजनेस आइडिया को मजबूत कानूनी आधार देने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज की आधिकारिक मोबाइल नंबर 91 91226 72711 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल दुकानदारों की हड़ताल, अरेराज में भी दिखा व्यापक असर

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** ऑनलाइन दवा बिक्री (ई-फार्मेसी) के विरोध में ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर आयोजित 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर अरेराज में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। हड़ताल के समर्थन में अरेराज तथा आसपास के क्षेत्रों के थोक एवं खुदरा दवा व्यवसायियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी-अपनी मेडिकल दुकानों को बंद रखा। दवा विक्रेताओं ने ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि इससे छोटे और मध्यम स्तर के मेडिकल व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो रहा है। उनका कहना है कि बिना पर्याप्त नियंत्रण और निगरानी के ऑनलाइन दवा बिक्री से पारंपरिक दवा व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं तथा दवा वितरण प्रणाली पर भी असर पड़ सकता है। हड़ताल के कारण अरेराज एवं आसपास के अधिकांश मेडिकल स्टोर दिनभर बंद रहे, जिससे सामान्य दवा खरीदने आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन दवाओं की बिक्री को हड़ताल से मुक्त रखा गया, ताकि गंभीर रोगियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वहीं दवा दुकानदारों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम बनाए जाएं तथा छोटे व्यवसायियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए।

## मोतिहारी शहर के घरों से निकलने वाले नालों के पानी को साफ रखने के लिए 4 (एसटीपी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य जारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार,महापौर नगर निगम मोतिहारी प्रीति गुप्ता,उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद गुप्ता के द्वारा बुडको के अभियंताओं के साथ बुधवार को मोतीझील के किनारे एसटीपी निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया। इस दौरान बुडको के अभियंताओं के द्वारा बताया गया कि मोतीझील एवं अन्य नदियों की सफाई और पुनरुद्धार के लिए एसटीपी की योजना पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत चार स्थानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थापना की जा रही है, जिससे झील/नदियों में गिरने वाले अनुपचारित सीवेज और गंदे नालों के पानी को पूरी तरह रोका जा सकेगा। प्रत्येक एसटीपी आधुनिक जैविक एवं रासायनिक शोधन प्रक्रिया पर आधारित होगा,जिसमें स्क्रीनिंग, सेडिमेंटेशन,एरेशन और बायोलॉजिकल ट्रीटमेंट के चरण शामिल हैं। इससे सीवेज जल पूरी तरह शोधित होकर ही झील तक पहुँचेगा। इस परियोजना से झील का जल स्वच्छ एवं निर्मल होगा,जलीय जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्जीवित होगा,झील को नवीन पहचान मिलेगी तथा पर्यटन का केंद्र बनेगी। चारों एसटीपी का निर्माण कार्य वर्तमान में तेज़ गति से जारी है और वर्ष 2027 के अंत तक इसे पूर्ण कर लिया जाएगा।

# विशनपुर पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर आयोजित, ऑन द स्पॉट हुआ समस्याओं का समाधान

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
सरकारी दिशा-निर्देश के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' निश्चय योजना के अंतर्गत मंगलवार को विशनपुर पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन एवं शिकायतों-सुझावों का प्रभावी समाधान करना था। शिविर में शिक्षा विभाग के अवर सचिव बिनोद सिंह गुंजियाल सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकांश मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। अवर सचिव बिनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि सरकार और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनका अविलंब समाधान करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां अधिकारियों ने जमीन विवाद, कानून व्यवस्था, विकास योजनाओं सहित अन्य लंबित मामलों के समाधान की प्रक्रिया पूरी की। स्थापना उपसमाहर्ता सह जिला भू-अर्जन



पदाधिकारी अभिनव भास्कर एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी एलएन अरविंद डीन ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं को प्रशासन तक सहज कृषि में प्रगति प्रदेश की समृद्धि तरीके से पहुंचाकर उनका स्थानीय स्तर पर समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय (3) के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत सभी पंचायतों में तिथि वार ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। बीडीओ इन्द्रदेव कुमार निराला ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान सीधे प्रशासन के माध्यम से प्राप्त करें। मौके पर पुलिस निरीक्षक श्रीराम सिंह, प्रमुख ऊषा देवी, उपप्रमुख दिनेश प्रसाद यादव, सीओ प्रिंस प्रकाश, थाना अध्यक्ष शशि कुमार सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा,होगी जल्द गिरफ्तारी : मंत्री डॉ.श्वेता गुप्ता

लोकतंत्र की आवाज



**उत्तर बिहार प्रभारी संजय कुमार सिंह**
**पटना।** बिहार राज्य के शिवहर जिला अंतर्गत समोध साह हत्याकांड को लेकर बसंत पट्टी चौक पर चल रहा सड़क जाम समाप्त हो गया। समाज कल्याण मंत्री डॉ.श्वेता गुप्ता लोजपा (रा)जिलाध्यक्ष विजय कुमार पांडे,पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के मौके पर पहुंचने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा देने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। मंत्री डॉ.श्वेता गुप्ता ने पीड़ित परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और कहा कि सरकार इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने मौके पर बताया कि पुलिस की कई टीमें गठित कर छापेमारी की जा रही है। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई चल रही है। एसपी ने दावा किया कि अपराधियों की गिरफ्तारी बहुत जल्द होगी। लोजपा (रा) के जिला अध्यक्ष विजय कुमार पांडे ने कहा कि प्रशासन के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम हटाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस अपने वादे पर कायम रहते हुए दोषियों को जल्द जेल भेजेगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद यातायात सामान्य हो गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला : शराब मामले व बीएनएस कांड के फरार आरोपी गिरफ्तार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता



सिरदला थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सिरदला थाना कांड संख्या 106/26 में दर्ज अवैध शराब कारोबार मामले के फरार अभियुक्त भरसंडा गांव निवासी करु राम, पिता गनौरी रविदास को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचने के लिए फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे दबोच लिया। वहीं दूसरी कार्रवाई में सिरदला थाना कांड संख्या 139/26 के प्राथमिकी अभियुक्त रवियो बेलदारी गांव निवासी 22 वर्षीय राम केवल चौहान, पिता रमेश चौहान को गिरफ्तार किया गया। यह मामला बीएनएस से संबंधित बताया गया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए लड़का एवं लड़की का बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

### चोरी हुई टोटो 4 घंटे के अंदर बरामद, एक गिरफ्तार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुई टोटो को महज चार घंटे के अंदर बरामद कर लिया। वहीं इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों एवं वाहन चालकों में राहत देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार सिरदला बाजार में सब्जी विक्रेता लौंन्दडीह गांव निवासी गणेश महतो अपनी टोटो लगाकर सब्जी बेच रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर टोटो लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद वाहन नहीं मिलने पर पीड़ित ने सिरदला थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान शुरू किया गया। तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चोरी गई टोटो को बरामद कर लिया। साथ ही मामले में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजन गांव निवासी सुरेश सिंह के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में सिरदला थाना कांड संख्या 137/26 दर्ज कर आरोपी को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया गया है।

### ओबराः गम्हारी प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया

अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाउदनगर,

ओबरा (औरंगाबाद) ओबरा प्रखंड के महुआ पंचायत अंतर्गत ग्राम गम्हारी में आयोजित गम्हारी प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रमुख बादशाह यादव, सुनील यादव, रंजन कुमार, विकास राय , रंजन कुमार, सनी कुमार एवं महुआ पंचायत के वर्तमान मुखिया सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का आयोजन गम्हारी क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। जहां खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा विजेता टीमों के लिए भव्य ट्रॉफियां रखी गई थीं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है।यह खेल भावना को मजबूत करता है। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।इस मौके पर क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

### जलास्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने की बनी रणनीति

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा के प्रखण्ड मुख्यालय स्थित देवी स्थान पकरीबरावां में जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच की बैठक हुई। बैठक में जिलास्तरीय कमेटी के साथ ही पकरीबरावां एवं वारिसलीगंज प्रखंडों की कमेटी के लोग शामिल हुए। बैठक में 5 जून को होने वाले जिलास्तरीय बैठक की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई। कहा गया कि जो लोग किसी कारण से बैठक में शमिल नहीं पाए हैं, उन्हें जिलास्तरीय बैठक की जानकारी देनी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, पकरीबरावां प्रखण्ड के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद, वारिसलीगंज के प्रखण्ड अध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, सूर्यकांत पांडेय, जगदीश प्रसाद, किशुन महतो, जिला संगठन मंत्री विष्णुदेव प्रसाद यादव, सरोजनी देवी, विजय कुमार, ईश्वरी प्रसाद, किशुन प्रसाद, नन्दकेश्वर प्रसाद, अयोध्या महतो, अरुण ठाकुर, रामकेश्वर प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# रजौली में 36 दिव्यांगों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल, बीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा



**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित बुनियाद केंद्र में बुधवार को 36 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ संजीव कुमार झा एवं सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. गौरव कुमार ने लाभुकों को चाबी सौंपकर ट्राई साइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नवादा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के नाजिर साजन पासवान, अजीत कुमार एवं कार्यपालक सहायक शशि कुमार मौजूद रहे। नाजिर साजन पासवान ने बताया कि निदेशक रितेश कुमार के निर्देश पर रजौली अनुमंडल क्षेत्र के 36 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल दी गई। सभी लाभुकों को पूर्व में दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई थी। बीडीओ संजीव कुमार झा ने कहा कि बैटरी चालित ट्राई साइकिल देने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को व्यवसाय के मुख्य मार्ग से जोड़ना है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। बुनियाद केंद्र द्वारा अबतक लगभग 100 बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की जा चुकी हैं। इससे पहले 5 मई को भी 23 लाभुकों को ट्राई साइकिल दी गई थी। लाभुक रजौली निवासी अनुज कुमार, मो. जहांगीर, मो. सलाम, भूषण कुमार और अशोक कुमार समेत मेसकौर व बिजूबिगहा के दर्जनों लोगों ने कहा कि अब सरकारी दफ्तरों और व्यवसाय के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस ट्राई साइकिल से वे घर से दूर ट्यूशन पढ़ाने भी जा सकेंगे। कार्यक्रम में बुनियाद केंद्र के लिपिक अजीत कुमार, सामाजिक सुरक्षा



रजौली के कार्यपालक सहायक शशि कुमार एवं सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट गौरव कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## जमहड़िया पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक



लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित नवादा-जमुई पर जमहड़िया गांव के पास कौड़िहारी नदी पर बना पुल जर्जर हो गया है। पुल का संरचना कमजोर होने के बाद विभाग ने बड़े वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगा दी है। सुरक्षा के मद्देनजर पुल के दोनों ओर बैरियर लगा दिया गया है, ताकि कोई भारी वाहन पुल पार नहीं कर सके। फिलहाल केवल बाइक, ऑटो, कार समेत छोटी गाड़ियों को ही पुल से होकर गुजरने की अनुमति दी गई है। बताया जाता है कि इस पुल का निर्माण वर्ष 1965 में किया गया था। लंबे समय से इसी पुल के सहारे लोगों का आवागमन हो रहा था। हाल के दिनों में पुल की स्थिति काफी खराब हो गई थी। पुल के बीच हिस्से में क्षति आने के बाद विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के बाद पुल को भारी वाहनों के लिए असुरक्षित मानते हुए यात्री बस, ट्रक एवं अन्य मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई। रोड कंस्ट्रक्शन विभाग के कनीय अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि पुल काफी जर्जर हो चुका है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसे देखते हुए पुल के दोनों ओर बैरियर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि बड़े वाहनों के लिए जल्द ही डायवर्सन बनाया जाएगा, ताकि आवागमन सुचारु रूप से जारी रह सके। उन्होंने बताया कि तब तक भारी वाहन वारिसलीगंज होकर शेखपुरा के रास्ते जमुई-सिकंदरा जा सकते हैं। इसके अलावा पकरीबरावां होकर भी शेखपुरा जाने का विकल्प उपलब्ध है। पुल पर रोक लगाए जाने से मालवाहक वाहनों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने पुल की शीघ्र मरम्मत अथवा नए पुल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका समाप्त हो सके। गौरतलब है कि पकरीबरावां प्रखण्ड में अन्य कई पुल जर्जर है। कचना मोड़- रूपौ पथ पर भागलपुर मोड़ के पास कौड़िहारी नदी पर बना पुल काफी जर्जर हो गया है। कई बार इस जगह पर सड़क हादसा हुआ है। जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। यही स्थिति तनपुरा गांव स्थित कौड़िहारी नदी पर बने पुल की है। पुल काफी जर्जर हो गया है।

## रजौली में पुलिस की छापेमारी, 48 लीटर महुआ शराब बरामद, धंधेबाज फरार

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा



**रजौली।** रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना पर जोगियामारण गांव में कार्रवाई करते हुए शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी कर 48 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस को देखते ही धंधेबाज शराब फेंककर मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने दोनों की पहचान कर ली है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में शराब को लेकर गुप्त सूचना मिली कि जोगियामारण गांव की ओर से एनएच-20 पर बाइक सवार दो लोग शराब की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना पर एएसआई संजय कुमार यादव को पुलिस बल के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस वाहन को दूर से आता देख बाइक सवार दोनों लोग बोरे में बंद शराब को सड़क पर पटक कर भाग निकले। बोरे की जांच करने पर दो-दो लीटर के प्लास्टिक पाउच में बंद कुल 24 पीस शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 48 लीटर है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बरामद शराब और फरार धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शराब निर्माण, भंडारण, बिक्री, परिवहन और सेवन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रजौली : ऑनलाइन दवा बिक्री और डिस्काउंट विवाद के विरोध में रजौली में बंद रहे मेडिकल स्टोर

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा



**रजौली।** ऑनलाइन दवा बिक्री और भारी डिस्काउंट के विरोध में रजौली के सभी दवा दुकानदारों ने बुधवार को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। एक दिवसीय बंदी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को दवा के लिए भटकना पड़ा। दवा विक्रेताओं का कहना है कि ऑनलाइन कंपनियां नियमों को ताक पर रखकर भारी डिस्काउंट पर दवाएं बेच रही हैं। इससे स्थानीय मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। साथ ही ऑनलाइन बिना पर्ची दवा मिलने से मरीजों की सेहत से खिलवाड़ भी हो रहा है। एक दवा दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सरकार ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाए और एमआरपी पर एक समान बिक्री का नियम बनाए। डिस्काउंट की होड़ से छोटे दुकानदार बर्बाद हो रहे हैं। अचानक बंदी से बीपी, शुगर, हार्ट और रोजमर्रा की दवा लेने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। दूर-दराज से आए कई लोग मेडिकल स्टोर बंद देख निराश लौटे। कुछ लोगों को इमरजेंसी में रजौली से बाहर जाकर दवा खरीदनी पड़ी। हालांकि सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ओपीडी एवं आपातकालीन सेवाएं पूर्व की भांति संचालित होती रही,जिससे मरीजों को राहत मिली है। यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर किया गया। रजौली दवा विक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष व्यास प्रसाद ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री और डिस्काउंट कल्चर पर रोक नहीं लगी,तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। गुरुवार से सभी मेडिकल स्टोर सामान्य रूप से खुलने की उम्मीद है।

## एलएनएमयू क्विज प्रतियोगिता में वनस्पति विज्ञान विभाग अव्वल, भौतिकी विभाग दूसरे स्थान पर

लोकतंत्र की आवाज



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में बुधवार को आयोजित अंतर-विभागीय क्विज प्रतियोगिता में वनस्पति विज्ञान विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन जंतु विज्ञान विभाग द्वारा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता, तार्किक सोच एवं समसामयिक विषयों की समझ का मूल्यांकन करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद वनस्पति विज्ञान विभाग की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम में प्रेम प्रकाश कुमार, सुजीत कुमार एवं कृति कुमारी शामिल रहे।

वहीं, भौतिकी विज्ञान विभाग की टीम शाज़िया अहमद, अंशु कौशिकी एवं अंशिका कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जंतु विज्ञान विभाग की टीम, जिसमें देवदर्श सिंह, अमित कुमार एवं नावेद इमरान शामिल थे, तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में क्विज मास्टर की भूमिका श्री संतोष कुमार चौधरी ने निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों से तार्किक, ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक प्रश्न पूछकर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्र अक्षय कुमार झा ने किया। उनकी प्रभावी प्रस्तुति ने प्रतियोगिता को अंत तक जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, प्लेसमेंट सेल के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के शोधार्थी रुपेश कुमार यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य का निर्माता बताया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक बना रहा।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, मौके पर मौत, मंझवे-गोविंदपुर मार्ग पर दर्दनाक हादसा, चालक फरार

लोक तंत्र की आवाज



**मेसकौर।** तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझवे-गोविंदपुर मार्ग पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी और मातम का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर काफी तेज गति में था और चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों युवक बाइक से अपने गांव मुरहेता लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे बेलगाम ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 एवं सीतामढ़ी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के मुरहेता गांव निवासी समरेश कुमार एवं रणजीत कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन एवं तेज रफ्तार ट्रैक्टरों का संचालन लगातार जारी है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई एवं नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है।

## राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह के निधन से शोक की लहर, दवा पेटेंट होने पर मिली थी राष्ट्रपति पुरस्कार

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा



**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड के डुमरावां गांव में निवासी राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वैद्य नवल किशोर प्रसाद सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवा और निःशुल्क उपचार के लिए पहचान बनाने वाले वैद्य नवल किशोर सिंह जिंदगी भर असहाय गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करते रहे। वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के हाथों उन्हें राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उन्हें पशुओं में फैलने वाली गंभीर अढ़ैया रोग जैसी जानलेवा बीमारी की दवा के अविष्कार के लिए मिला था। यह दवा पेटेंट हुई और उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बीमारी में जानवरों को तेज बुखार, लंगड़ाकर चलना, दूध की कमी,जैसी समस्याएं होती थीं, और धीरे-धीरे उन बेचारो जानवरों की मौत हो जाती थी। वैद्य नवल किशोर सिंह ने इस गंभीर बीमारी का सफल इलाज तैयार कर देश विदेश तक के पशुपालकों को राहत पहुंचाई थी। उन्होंने पशुओं एवं मानवों में होने वाले कई रोगों के दवा को शोध के लिए भेजा था। उन्हें कई बार अन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्होंने जीवनभर लोगों का इलाज निःस्वार्थ भाव से और बिल्कुल निःशुल्क किया। गरीबों की सेवा को ही उन्होंने अपना धर्म माना। परिवार वालों का कहना है कि निःशुल्क सेवा देने के कारण आज तक उनका घर मिट्टी का ही बना हुआ है। ना ही उन्हें किसी सरकारी योजना का लाभ मिला और ना ही आर्थिक सहयोग। अब उनके निधन के बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। छोटे बेटे कन्हैया कुमार ने भावुक होकर कहा कि मेरे पापा पूरी जिंदगी समाज सेवा करते रहे, लेकिन बदले में हमें क्या मिला। आज तक हम एक पक्का घर नहीं बना पाए। बहन की शादी करनी है, अब तो सब कुछ खत्म हो गया। उन्होंने सरकार और जनप्रतिनिधियों से परिवार को उचित सहायता देने की मांग की है। गौरतलब है कि अपने गांव में लोगों को निःशुल्क दवा देने वाले नवल किशोर ने हाल में पटना, गया आदि में भी आयुर्वेद दवा देकर लोगों की सेवा शुरू की थी। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें समाज का सच्चा सेवक बताया है।

## 40 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन, 33 मामले अग्रेतर कार्रवाई के लिए लंबित

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता



सिरदला प्रखंड के उपरडीह पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को आयोजित ''सबका सम्मान, जीवन आसान'' सहयोग शिविर में भीषण गर्मी और 43 डिग्री तापमान के बावजूद ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर का निरीक्षण करने बिहार सरकार के जीविका एवं लोहिया स्वच्छता अभियान के सीईओ सह नवादा जिला प्रभारी सचिव हिमांशु शर्मा पहुंचे। उनके आगमन को लेकर पूरे दिन प्रशासनिक हलकों में हलचल बनी रही। शिविर स्थल पर रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार, एडिशनल एसपी निशु मल्लिक, बीडीओ दीपेश कुमार, सीओ भोला कुमार एवं थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सहित कई अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान हिमांशु शर्मा जीविका दीदियों के बीच पहुंचे और विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा दी जा रही 10 हजार रुपये की सहायता राशि वापस नहीं करनी है। साथ ही जिन महिलाओं को राशि नहीं मिली है, उन्हें शिविर में आवेदन देने की सलाह दी। शिविर में ग्रामीण विकास, मनरेगा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, राजस्व, विद्युत एवं आपूर्ति विभाग के काउंटर लगाए गए थे। कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 40 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 33 मामलों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए लंबित रखा गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जन भागीदारी – "सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान के तहत जनजातीय बहुल गांवों में इंटाइटलमेंट वितरण



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित "जन भागीदारी – सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान के अंतर्गत रोहतास जिला के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में चेनरी, नौहट्टा, सासाराम, रोहतास एवं तिलौथू प्रखंड अंतर्गत आज दिनांक–20.05.2026 को 19 गाँवों में कुल 127 आवेदन प्राप्त किया गया और 47 को इंटाइटलमेंट वितरण किया गया( कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ एवं जनजातीय समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं, शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा जागरूकता गतिविधियों की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। घर–घर जा कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के जनकारी देते हुए वंचित परिवारों से आवेदन प्राप्त किया गया है। कार्यक्रम में उप निदेशक कल्याण, मगध प्रमंडल गया, जिला कल्याण पदाधिकारी, रोहतास प्रखंड के सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी, विकासमित्रों, स्वास्थ्यकर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

### सासाराम में बिजली विभाग की लापरवाही से लोग परेशान

लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। शहर में पिछले कल सुबह से ही बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर का शायद ही कोई ऐसा इलाका बचा हो, जहां लगातार बिजली अप–डाउन की समस्या नहीं हो रही हो। लगातार बिजली आने–जाने से आम लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जब नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पुरानी सरकार थी, तब बिजली व्यवस्था काफी बेहतर रहती थी। लेकिन नई सरकार आने के बाद से बिजली की स्थिति दिन–प्रतिदिन खराब होती जा रही है। बिजली के लगातार ट्रिप होने और कटौती की वजह से कई घरों में पानी की मोटर तक खराब हो चुकी है। भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली नहीं रहने से लोगों को पानी और राहत दोनों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। शहर के कई गणमान्य लोगों और बुद्धिजीवियों ने भी बिजली विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग से जल्द व्यवस्था सुधारने और लगातार हो रही बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### करूप बाजार में किराने दुकान से नमक का बैग चोरी, सीसीटीवी वीडियो वायरल



लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। थाना क्षेत्र के करूप बाजार में बीते रात एक किराने दुकान से नमक का एक बैग चोरी हो गया। थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी दुकानदार उदयकांत तिवारी ने बताया कि दुकान के बाहर रखे टाटा नमक का बैग शाम से ही रखा हुआ था। सीसीटीवी रिकॉर्ड में स्पष्ट दिख रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति रात में लगभग आधे घंटे तक दुकान के आसपास घूमता रहा और अंत में बैग उठा कर भाग गया। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। उदयकांत ने कहा कि ज्यादा आर्थिक नुकसान तो नहीं हुआ, इसलिए उन्होंने अभी पुलिस को शिकायत नहीं दी है। हालांकि उन्होंने बताया कि करीब 10 दिन पहले भी करूप बाजार में उनकी मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एज़ेड 1446) चोरी हो गई थी, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। दुकानदार ने कहा कि इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वायरल सीसीटीवी फुटेज देखकर पुलिस जल्द ही चोर की पहचान कर लेगी। काराकाट थाना से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी मिली नहीं है।

### सासाराम नगर निगम की लापरवाही, बड़ा हादसा टला, गोल बाजार के कूड़ा डंप में लगी भीषण आग



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। शहर के व्यस्त गोल बाजार इलाके में नगर निगम की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत और संज्ञान दिलाने के बावजूद नगर निगम द्वारा गोल बाजार में लगातार कूड़ा डंप किया जाता रहा। आखिरकार वही हुआ जिसका डर लोगों को लंबे समय से था — कूड़े के ढेर में बड़े पैमाने पर आग लग गई। गौरतलब है कि जिस स्थान पर कूड़ा डंप किया जाता है, उसके आसपास पटाखों की कई दुकानें मौजूद हैं। यदि आग की चिंगारी पटाखा दुकानों तक पहुंच जाती, तो पूरा शहर बड़े हादसे की चपेट में आ सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो स्थिति भयावह हो सकती थी। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि शांति समिति की बैठकों में इस मुद्दे को कई बार उठाया गया, लेकिन नगर निगम ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बाजार क्षेत्र की संकरी गलियों के कारण वहां एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आसानी से नहीं पहुंच सकती हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि यदि भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? लोगों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल कूड़ा डंपिंग बंद करने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिले के सभी दवा दुकानों को पूर्णतः बंद रखा गया



**लोकतंत्र की आवाज**

**सासाराम।** सासाराम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आन लाइन दवा बिक्री और कार्पोरेट कंपनियों द्वारा बाजार में की जा रही प्रिडेटरी प्राइसिंग के खिलाफ आल इंडिया आर्गनाईजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देश भर में थोक एवं खुदरा दवा दुकान को बंद रखने के आह्वान पर सासाराम मुख्यालय सहित जिले के सभी दवा दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखा गया। संगठन द्वारा इमर्जेंसी सेवा के लिए अस्पताल एवं नर्सिंग होम में मौजूद दवा दुकानों को बंदी से अलग रखा गया।

आज के इस बंदी में संगठन ने बी सी डी ए के अध्यक्ष परसन कुमार सिंह एवं महासचिव प्रभाकर कुमार द्वारा बंदी से जारी गाइड लाइन के अनुसार ही दुकानों को बंद रखा गया, जिससे किसी भी मरीज को एमर्जेंसी असुविधा नहीं हुई, आज की बंदी पूर्ण रूप से सफल रही। आज की बंदी में जिले के सभी पदाधिकारी एवं केमिस्ट् सदस्य तत्पर रहे। बंदी में मुख्य रूप से बी सी डी ए (सेंट्रल वेस्ट ज़ोन) के संयुक्त सचिव कमलेश कुमार सिन्हा एवं सासाराम केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सचिव राजेश्वर सिंह ने कहा की ई फार्मेसी से मरीजो के सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है साथ ही आनलाइन माध्यमो से बिना किसी कड़े और उचित सरकारी नियंत्रण के दवाओं की धडले से होम डिलीभरी की जा रही है। इससे फर्जी व अप्रमाणित पर्चा का इस्तेमाल, एंटीबायोटिक दवाओं के दुरूपयोग और नारकोटिक (नशीली) की आसान उपलब्धता का खतरा अत्यधिक बढ गया है। आज की बंदी में शशि शेखर सिंह, भूप किशोर श्रीवास्तव, श्याम सतेंद्र प्रसाद, सुदामा सिंह, कौशल किशोर श्रीवास्तव, किशोर चंद्र प्रसाद, अमन पटेल, राकेश स्वरूप सिन्हा, दिनेश कुमार, संजय प्रसाद गुप्ता, सुमित प्रसाद गुप्ता, विनीत कुमार राय, हर्ष वर्धन चौहान, मनीष पांडेय, राहुल पटेल, रामनाथ प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार, प्रदीप पोद्दार, सोनू, सतीश दुबे, प्रमोद कुमार, शंभु प्रसाद गुप्ता, बिनोद कुमार, मनोज कुमार सहित बहुत सारे केमिस्ट्स मौजूद थे।

## काराकाट मुख्य बाजार गोडारी में मेडिकल दुकानें बंद, ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों का प्रदर्शन



**लोकतंत्र की आवाज**

**काराकाट।** नगर पंचायत अंतर्गत मुख्य बाजार गोडारी एवं काराकाट प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दवा एवं मेडिकल दुकानों की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं।

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) और बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर यह बंदी आयोजित की गई। इस दौरान काराकाट, करूप, बेलवाई, सकला बाजार, चिकसील, कुरूर बाजार, काराकाट बाजार, गोडारी बाजार की सभी दवा दुकानें बंद रहने से लोगों को दवा खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मेडिकल दुकानदारों ने बताया कि यह एक दिवसीय बंदी ऑनलाइन दवा खरीद-बिक्री, भारी डिस्काउंट और दवा कारोबार में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में की गई है। दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल व्यवसायियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और मरीजों के स्वास्थ्य से भी समझौता हो सकता है। गोडारी बाजार के मेडिकल दुकानदार सूर्यदेव ने कहा कि "ऑनलाइन दवा बिक्री पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। बिना उचित जांच और डॉक्टर की सलाह के दवाओं की बिक्री मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।"

वहीं एक अन्य दुकानदार (नाम जोड़ें) ने बताया कि "बड़ी कंपनियों द्वारा भारी छूट देकर दवा बेचने से छोटे दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, इसलिए सरकार को इस पर सख्त कदम उठाना चाहिए।" दुकानदारों ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को ऑनलाइन दवा बिक्री से संबंधित नियमों की समीक्षा करनी चाहिए और स्थानीय दवा व्यवसायियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। बंदी के दौरान मेडिकल दुकानदारों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

## बालू व्यवसाय के नाम पर तीन लोगों के द्वारा एक व्यक्ति से 13 लाख रूपये हड़पे जाने का मामला प्रकाश में आया

**लोकतंत्र की आवाज**

■ मामले को लेकर थाने में दर्ज करायी गई केस

**नासरीगंज।** बालू व्यवसाय के नाम पर कथित रूप से तीन लोगों के द्वारा एक व्यक्ति से 13 लाख रूपये हड़पे जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में राजपुर थानाक्षेत्र के राजपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने नासरीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

जिसमें पीड़ित ने अपने दोस्त सौरभ कुमार पिता विनोद सिंह, विनोद सिंह पिता स्व. भोरिक सिंह और रौशन कुमार पिता विनोद सिंह, तीनों निवासी हलवंत बिगहा को नामजद किया है। आरोप है कि तीनों ने विश्वास में लेकर एवं नोटरी के समक्ष एग्रीमेंट बना कर पीड़ित से बालू व्यवसाय में निवेश करने के बहाने 13 लाख रूपये ठग लिए। एफआईआर के लिए दिए गये आवेदन के अनुसर आरोपितों ने पीड़ित को प्रत्येक वर्ष मुनाफे का बीस प्रतिशत देने का वादा किया। लेकिन दो वर्ष तक कुछ भी नहीं मिला।

इसी क्रम में दबाव बनाने पर सौरभ कुमार ने चार लाख और पांच लाख रूपये का दो चेक दिया। लेकिन दोनों ही चेक बाउंस कर गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि गत 12 मई को उसने आरोपितों से अपने पूरे पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी मिली। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सासाराम के अड्डा रोड मे दुर्गा मंदिर के पास एक गुमटी से प्रशासन ने किया शराब बरामद

**लोकतंत्र की आवाज**



**सासाराम।** रोहतास जिला के सासाराम नगर निगम की राजनीति में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वार्ड पार्षद मंटू गुप्ता का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में शराब बिक्री के आरोप लगाए जा रहे हैं ! हालांकि पार्षद ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया।

बतादे कि सासाराम नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर-23 के पार्षद राजेश कुमार उर्फ मंटू गुप्ता का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि पार्षद की दुकान में शराब बेची जा रही थी वीडियो वायरल होने के बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि... वायरल वीडियो की सत्यता की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, फिलहाल शराब बरामद किए गए घूमती को सासाराम सीईओ द्वारा सील कर दिया गया है लेकिन कितना मात्रा में बरामद की हुई है एवं यह गुमटी में रखी शराब किसकी है इसकी कोई भी जानकारी प्रशासन द्वारा नहीं दी जा सकी है !वहीं आरोपों पर सफाई देते हुए वार्ड पार्षद मंटू गुप्ता ने इसे पूरी तरह राजनीतिक साजिश बताया है। फिलहाल यह मामला नगर निगम क्षेत्र में चर्चा का बड़ा विषय बना हुआ है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि प्रशासन इस वायरल वीडियो की जांच में क्या निष्कर्ष निकालता है।

## सासाराम के पीएमश्री स्कूल में बाल कैबिनेट व मीना मंच और इको क्लब का चुनाव हुआ संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**



**सासाराम।** पीएमश्री इंटरस्तरीय विद्यालय चौखंडी पथ में 'इको क्लब' और 'बाल कैबिनेट तथा मीना मंच' के गठन हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चुनाव हुआ जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही लोकतांत्रिक प्रणाली, मतदान के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारियों से रूबरू कराना था। इस चुनाव में विद्यालय की कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मतदान को निष्पक्ष और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए बकायदा पोलिंग बूथ बनाये गये थे, जहाँ विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुस्तैदी से बैठकर मतदान प्रक्रिया को पूरा कराया। चुनाव के दौरान अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार एवं एनसीसी कैडेटों की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्रायें काफी इच्छुक, जागरूक और उत्साहित नजर आये। बच्चों के चेहरे पर अपने प्रतिनिधि को चुनने की खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार, आज का दिन स्कूल के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहा, जहाँ बच्चों ने न सिर्फ वोटिंग की प्रक्रिया को समझा, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर कदम भी बढ़ाया। इस चुनाव प्रक्रिया में हिमांशु त्रिपाठी, राम स्वरुप सिंह, धनजी सिंह, चंदन कुमार, सुमित कुमारी, नीरज कुमारी, राजेश्वर प्रसाद, विमलेश कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सिंधु कुमारी, नेहा कुमारी, गुलाब यादव तथा अरविंद कुमार जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही। इस मतदान केंद्र पर कुल 955 विद्यार्थी थे, जिनमें से 708 छात्र-छात्राओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

## नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष संतोषी देवी (रालोमो) का सभी सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने किया भव्य स्वागत

**लोकतंत्र की आवाज**



**सासाराम।** बुधवार को नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष संतोषी देवी राष्ट्रीय लोक मोर्चा सासाराम नगर का सभी सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। संतोषी देवी ने राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक मोर्चा उपेंद्र कुशवाह और प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि मुझे इस जिम्मेदारी के काबिल समझा तथा कहा कि मैं इस जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से जिम्मेदारी के साथ पार्टी को ओर मजबूत करूंगी। नगर अध्यक्ष अपने निवास स्थान से तकिया गांव होते हुए और तकिया बाजार से चलकर समाहरणालय डॉ अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा उसके बाद सभी कार्यकर्ताओं के साथ चलकर धर्मशाला महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समापन किया। इस यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं एवं पुरुष नगर अध्यक्ष के साथ मिलकर चलें।

जिनमें गोपाल दत्त शर्मा, सूरजमल सिंह नगर सचिव, कृष्णा सिंह नगर सचिव, कुश सिंह नगर सचिव, बसन्त राज मीडिया प्रभारी, सूर्यभान सिंह, रौशन तिवारी, सुमित सिंह, मोनाकी देवी, तेतरी देवी, ममता देवी, शारदा देवी, रीता देवी, बबीता देवी, प्रिंस सिंह, रितेश, किशोर, प्रिंस, मुख्यरूप से शामिल रहें।

## शेरशाह सूरी महोत्सव के अवसर पर 21 एवं 22 मई को विराट मुशायरा, विचार- गोष्टी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**




**सासाराम।** जिला प्रशासन की ओर से सासाराम में 21 एवं 22 मई को शेरशाह सूरी महोत्सव के मौके पर विराट मुशायरा, विचार-गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जफ़र हसन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा सर्वसम्मति से ख्यातिप्राप्त शायरों, कवियों, वक्ताओं तथा कलाकारों का चयन किया गया है, जो महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे। मुशायरा में शायर जमील खैराबादी, कानपुर, अहमद आज़मी आजमगढ़, तरन्नुम नाज़, फतेहपुर, चकाचौंध ज्ञानपुरी, ज्ञानपुर, पूनम श्रीवास्तव, मिर्जापुर तथा निजाम बनारसी सहित स्थानीय कवि-शायरों में डॉ0 गुरुचरण सिंह, मतीन सासारामी, सरोज कुमार पंकज, अख्तर इमाम अंजुम, हसन इमाम तथा आलम परवेज भी शामिल होंगे।जबकि कुमार सत्यम, हर्षप्रीत कौर, विकास पाण्डेय तथा साबरी ब्रदर्स जैसे देश के नामचीन गायकों की भी उपस्थिति रहेगी। इन कवि-शायरों तथा कलाकारों की प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम को साहित्यिक ऊँचाई प्रदान करेंगी, जिसमें श्रोताओं को गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक देखने को मिलेगी। विचार-गोष्ठी में इतिहासविद तथा, शिक्षाविदों के द्वारा शेरशाह सूरी के जीवन, प्रशासन, न्याय-व्यवस्था, पुरातात्विक महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर अपना विचार रखा जायेगा।

गोष्ठी में अली हुसैन इद्रीसी "शेरशाह सूरी की न्याय-व्यवस्था", जी०एम० अंसारी "शेरशाह सूरी की पुरातात्विक दृष्टि", डॉ. जावेद अख्तर "शेरशाह सूरी की भू-राजस्व प्रणाली", डॉ. अरुण कुमार "राष्ट्र निर्माता के रूप में शेरशाह सूरी", डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, राँची विश्वविद्यालय, "विकास का पथिक शेरशाह सूरी", डॉ. ए.के.आलवी "प्रशासनिक व्यवस्था" तथा डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास श्रीशंकर कॉलेज सासाराम "साधारण जागीरदार से दिल्ली के सुल्तान तक का सफर" विषय पर व्याख्यान देंगे। मुशायरा, विचार-गोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष जफ़र हसन ने कहा है कि इस आयोजन का उद्देश्य शेरशाह सूरी की ऐतिहासिक विरासत, प्रशासनिक कुशलता, सांस्कृतिक अवदान एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका नयी पीढ़ी तक पहुँचाना है। महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कला-संस्कृति, साहित्य तथा इतिहास को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को अपनी विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा।

## सासाराम : शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय में विधिक एवं वित्तीय अनुपालन पर कार्यशाला का आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**



**सासाराम।** स्टार्टअप सेल, शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, सासाराम द्वारा बुधवार को महाविद्यालय परिसर में "विधिक एवं वित्तीय अनुपालन" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नवोदित उद्यमियों को उद्योग स्थापना से जुड़ी कानूनी, वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग विभाग के महाप्रबंधक आशीष रंजन थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी स्टार्टअप या उद्योग की सफलता के लिए कानूनी एवं वित्तीय नियमों की सही जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्टार्टअप एवं उद्यमिता योजनाओं की भी जानकारी दी।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता अरुण कुमार तिवारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), कंपनी पंजीकरण, जीएसटी अनुपालन तथा अनुबंध प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से विकसित हो रही है और ऐसे में युवाओं को कानूनी एवं वित्तीय प्रक्रियाओं की जानकारी होना जरूरी है, ताकि वे भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी कठिनाइयों से बच सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ व्यवसायिक एवं विधिक जानकारी भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक शैलेश सौरभ सहित महाविद्यालय के फैकल्टी सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं तथा उद्यमिता में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि बिहार सरकार द्वारा स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापना की दिशा में प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### 90 दिवसीय अभियान के तहत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव श्री तारकेश्वर दास के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र शम्भु राणा, पवन कुमार,तापेश्वर कुमार यादव एवं सुरेश प्रसाद राणा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को सफल बनाया और अपने आस पड़ोस व समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर संकल्प लिया। वक्ताओं ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह,डायन प्रथा,घरेलू हिंसा, बाल श्रम,धूम्रपान, जैसी अन्य कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मौके पर बीटीटी संतोष प्रसाद, सहिया साथी रंगीना देवी,सहिया सीमा कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

### बजरंग दल प्रखण्ड इकाई विष्णुगढ़ हिंदू समाज जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ बजरंग दल प्रखंड इकाई द्वारा बुधवार को संगठनात्मक बैठक एवं हिंदू समाज जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने भाग लिया। बैठक में हिंदू समाज की एकता, सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बजरंगदल विभाग मिलन केंद्र प्रमुख प्रशांत सिंह ने कहा कि बजरंग दल सदैव राष्ट्रहित, धर्म रक्षा एवं सामाजिक समरसता के कार्यों के लिए समर्पित रहा है। संगठन युवाओं को राष्ट्रभक्ति, सेवा एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने हिंदू समाज की सुरक्षा एवं राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। मौके पर जिला संगठन मंत्री ओम प्रकाश यादव जी वरुण कुमार प्रकाश राणा विक्की कुमार आशीष कुमार कुंदन शर्मा शंकर कसेरा अविनाश पांडेय कैलाश प्रजापति ऋतिक सिंह प्रेम कुमार चंचला उपाध्याय सुनीता देवी अमित कुमार शनि शाहू अन्य लोग मौजूद थे ।

### धनबाद सिजुआ जोगता थाना मोड़ पर एक छोटा बच्चा मिला जिसे स्थानीय लोगों ने सुरक्षित रूप से जोगता थाना को सौप दिया है



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता। एजोगता मोड़ पर एक छोटा बच्चा मिला है, जिसे स्थानीय लोगों ने सुरक्षित रूप से जोगता थाना को सौंप दिया है। लोगों के अनुसार बच्चा बांग्ला भाषा में बात कर रहा है, लेकिन वह अपना नाम और पता स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ है। यदि किसी का बच्चा लापता है या इस बच्चे के बारे में कोई जानकारी हो, तो कृपया तुरंत जोगता थाना के थाना प्रभारी से संपर्क करें। पुलिस बच्चे को उसके परिजनों से मिलाने का प्रयास कर रही है।

# श्रमदान और चंदा से ग्रामीणों ने तैयार किया तीन किलोमीटर लम्बी सड़क

लोकतंत्र की आवाज़

## सरकार से पुल और पक्की सड़क की लोगों ने की मांग





**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के ढोलिया सलैया गांव में लोगों ने सही साबित कर दिखाया की क्या कुछ संभव नही है।ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन नकारते हुए खुद ही सड़क और पुल निर्माण का कार्य का जिम्मा उठाया है।ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर श्रमदान दिया और खुद ही सड़क और पुल बनाने में जुट गए।बताते चले की गांव में आजादी के 78 साल बीतने के बाद भी आज तक पुल और पक्की सड़क नहीं बनी है।

इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करते हुए आवागमन करना पड़ता था गांव से होकर बहने वाली नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से गांव के लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कत होती थी। बरसात के दिनों में तो गाव की हालत एक टापू की तरह हो जाती है।बच्चों का विद्यालय जाना ,आपातकालीन स्थिति मे महिलाओ को और मरीज़ो को आना जाना ग्रामीणों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा है।

ग्रामीणों ने सड़क और पुल का निर्माण कराने के लिए अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के सिवा आज तक कुछ नहीं मिला। थक हारकर यहां के ग्रामीणों ने खुद चंदा जुटाकर और श्रमदान कर कच्ची सड़क और पुल बनाया। गांव के लोग अब इसी पुल के सहारे आवागमन कर रहे हैं।इस संबंध में ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाया है की जल्द से जल्द इस सड़क पर पूल बना कर पक्कीकरण का कार्य किया जाये । ग्रामीणों ने बताया कि आपसी सहयोग से चंदा इकट्ठा किया और उस राशि से एक जेसीबी मशीन मंगवाई. इसके बाद, गांव के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी एकजुट हो गए।फावड़ा, टोकरी और अन्य औजारों के साथ वे सड़क निर्माण में जुट गए ।उनकी मेहनत का नतीजा यह हुआ कि कुछ ही दिनों में तीन किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क तैयार हो गई, वही उन्होंने एक पुल का निर्माण भी किया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह कच्ची सड़क ढोलिया बनारसी राम के घर से सलैया होते हुए लेंजवा मुख्य पथ तक निर्माण किया गया है । ग्रामीण समाजसेवी रामबरत पासवान, अरुण कुमार, विकास कुमार, नंदू यादव, कमलेश कुमार, बाढ़ों यादव, उदय यादव, पिंटू कुमार, मदन यादव, लालदेव यादव, संतन कुमार, छोटू कुमार, मदन भारती, अशोक भारती, उपेंद्र भारती प्रमोद भारती, समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने अब सरकार से पक्की सड़क और पुल की मांग कर रहे हैं, ताकि बारिश के मौसम में भी आवागमन सुगम हो सके।

# डेंगू दिवस के अवसर पर केजीबीवी में जागरुकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

## डेंगू के कारण, दुष्प्रभाव व बचाव की मिली जानकारी, तीन छात्राएं पुरस्कृत

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ की ओर से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में डेंगू जागरूकता सह प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वार्डेन ज्योति वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय की छात्राएं एवं सभी कर्मी शामिल रहे।

कार्यक्रम में अस्पताल के एमटीएस प्रभारी प्रवीण कुमार ने छात्राओं को डेंगू के कारण, लक्षण, दुष्प्रभाव एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाली बीमारी है, जो साफ पानी में पनपने वाले मच्छरों के कारण तेजी से फैलती है। इसके प्रमुख लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, शरीर में दर्द, कमजोरी एवं त्वचा पर लाल चकत्ते होना है। इसके बचाव के लिए अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने, घरों में पानी जमा नहीं होने देने तथा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी एवं पूरी बांह के कपड़ों का उपयोग करने की सलाह दी। इस दौरान वार्डेन श्रीमती वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के लिए विद्यालय का चयन करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने भी छात्राओं को डेंगू के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय डेंगू दिवस से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में लक्ष्मी कुमारी को प्रथम, खुशनुमा प्रवीण को द्वितीय तथा अतिया प्रवीण को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सहिया साथी वीणा देवी, सहिया मंजू देवी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मी उपस्थित थे।

# धनबाद तेतुलमारी पुलिस से अभद्रता पड़ी भारी ! दो युवक सीधे पहुंचे जेल




**लोकतंत्र की आवाज़**
**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** तेतुलमारी_थाना क्षेत्र में पुलिस से अभद्रता करने का मामला सामने आया है।इस संबंध में तेतुलमारी थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि सोमवार की रात रवि कुमार और रोहित कुमार नामक दो युवक थाना पहुंचे और ओडी प्रभारी के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। पुलिस द्वारा कई बार समझाने के बावजूद दोनों युवक शांत नहीं हुए, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके पश्चात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स द्वारा बुलाई गई देशव्यापी बंदी आज हजारीबाग में पूर्णत: सफल रही

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग जिले की करीब 700 मेडिकल दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। यह बंदी ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट बंद करने और नकली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर आयोजित की गई थी।

राष्ट्रीय स्तर पर इस आंदोलन का नेतृत्व AIOCD के अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल कर रहे हैं। वहीं झारखंड स्तर पर झारखंड केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव और महासचिव सुभाष मंडल का समर्थन इस आंदोलन को प्राप्त रहा। हजारीबाग में इस बंदी को सफल बनाने में हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की अहम भूमिका रही। संगठन के अध्यक्ष दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष मोहित कुमार, महासचिव लक्ष्मी कान्त गुप्ता, संयुक्त सचिव सुनील कुमार सुमन, संगठन सचिव अजीत कुमार सिन्हा और कोषाध्यक्ष सुरज खंडेलवाल ने इस बंदी को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। इसके साथ ही पूरे हजारीबाग के केमिस्ट भाइयों और आम जनता का भी भरपूर सहयोग मिला, जिसके कारण यह बंदी पूरी तरह सफल रही।

इस अवसर पर राकेश चोपड़ा, उज्ज्वल सरकार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, रानी, चंदा कुमार, मनोज कुमार, राजीव कुमार पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।हजारीबाग के केमिस्ट्स का कहना है कि यह आंदोलन छोटे मेडिकल व्यवसायियों के हित, मरीजों की सुरक्षा और दवा बाजार में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किया गया है। कुल मिलाकर, हजारीबाग में आज की यह बंदी पूरी तरह सफल रही और केमिस्ट समुदाय की एकजुटता का मजबूत संदेश देने में कामयाब रही।

# गिद्दी थाना पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए टिपिसी उग्रवादी की गिरफ्तारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में गिद्दी थाना कांड संख्या 39 /12 दिनांक 18/ 12 के आरोपी दुर्गा वेदीया उर्फ रामकुमार बेदिया पिता स्वर्गीय उदयनाथ बेदिया ग्राम मिश्राण मोढा को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है ।

बताया जाता है कि गिद्दी थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्राण मोढा के अपराधी जो टिपिसी से साठ घाट रखता था जिस पर 2012 में कांड संख्या 39 धारा 386 /387/ 34 आईपीसी के तहत एवं धारा 25 1(b)(A) 26 /35 आर्म्स एक्ट 17 सी एल ए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था जो काफी लंबे समय से फरार चल रहा था जिसकी गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को मिला पुलिस अधीक्षक ने गिद्दी थाना प्रभारी मो०इकबाल हूसैन के नेतृत्व में टीम का गठन किया जिसमें थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन ,रमेश चंद्र हजाम , दामु राम बोपाई, चंदन उरांव, प्रकाश महतो , सुनील कुमार पासवान के द्वारा छापामारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारंटी अभियुक्त के घर विधिवत घेराबंदी किया जिसमें टिपिसी उग्रवादी दुर्गा बेदिया उर्फ रामकुमार बेतिया पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे सशस्त्र बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया उल्लेखनीय है कि हजारीबाग पूलिस के द्वारा लगातार फरार चल रहे उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान जारी में रखते हुए कार्रवाई की गई इस अभियुक्त के खिलाफ और भी कई थानों में कांड दर्ज किया गया था जिसमें चरही थाना कांड संख्या 29 /12 धारा 147 / 148/ 149 /384 /379 आई पीसी एवं 17 सिएल एक्ट के तहत भी कांड दर्ज किया गया है।

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने पलाश मार्ट पहुँच झारखंड की मातृशक्ति द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की तथा 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को मजबूत किया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** मातृशक्ति द्वारा निर्मित प्लासमार्ट पहुंचकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उत्पादों की खरीदारी की तथा वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पलाश मार्ट में हमारी मातृशक्ति द्वारा प्रेम, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की भावना से निर्मित उत्पादों की बिक्री होती है। जब भी वे पलाश मार्ट के पास से गुजरते हैं, उनके कदम स्वतः ही रुक जाते हैं और मन स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए प्रेरित हो उठता है।

उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को हाथ में लेते ही उनमें महिलाओं की मेहनत, उनके सपनों की चमक और हमारी मिट्टी की सोंधी खुशबू महसूस होती है। हर वस्तु अपने भीतर संघर्ष, आत्मविश्वास और स्वाभिमान की कहानी समेटे हुए है।यह केवल सामान नहीं, बल्कि हमारे गाँवों की आशा, हुनर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया 'वोकल फॉर लोकल' का मंत्र केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाने का जन-आंदोलन है।स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करने से हम किसी बहन के सपनों को सहारा देते हैं, परिवारों के भविष्य को मजबूत करते हैं और राज्य व देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ, खरीदें और उनका प्रचार-प्रसार करें, ताकि झारखंड की मेहनती बहनों के प्रयासों को सम्मान मिल सके और उनके उत्पाद हर घर तक पहुँच सकें।

# दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में Epc पाठ्यक्रम के अन्तर्गत देश की साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने हेतु कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया !

प्रशिक्षुओं ने हाँस्य रस, वीर रस, श्रृंगार रस, करुण रस आदि पर काव्य पाठ किया ! प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा की " कविता पाठ से भाषा की शुद्धता, सौंदर्य और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होता है।"उपस्थित रहने वालों में आई०क्यू०ऐ०सी० कॉर्डिनेटर एवं एन०एस०एस० कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० कुमारी स्वर्णा मिश्रा, H. O. D बबली कुमारी,डॉ०ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,राघवेंद्र प्रताप,सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती,सीमा,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रीती पुनम हेमब्रम,राहुल आजाद ,नाजरा,सुनीता, बी०एड० संकाय के दोनों सत्रों के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

# धनबाद पुलिस को मिली हाइटिक पेट्रोलिंग बाइक उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने खुद चलाकर किया रवाना

लोकतंत्र की आवाज़



**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** कोयलांचल की सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस मुख्यालय से धनबाद को *45 नई हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक* उपलब्ध कराई गई हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इन हाईटेक बाइकों का शुभारंभ किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने खुद बाइक चलाकर पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया।

**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत होगी पुलिसिंग: उपायुक्त:** इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इन 45 नई बाइकों के शामिल होने से धनबाद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिस गश्त (पेट्रोलिंग) और मजबूत होगी। खासकर भीड़भाड़ वाले बाजारों, संवेदनशील इलाकों और तंग गलियों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी, जिससे अपराध नियंत्रण में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। आने वाले दिनों में पुलिस कंट्रोल रूम और संचार तंत्र को भी और हाईटेक किया जाएगा।

**डायल 112 के रेस्पॉन्स टाइम में धनबाद झारखंड में अव्वल: एसएसपी:** समारोह को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि इन सभी पेट्रोलिंग बाइकों को जिले के विभिन्न थानों में आवंटित कर दिया गया है, जिनका इस्तेमाल 24 घंटे गश्त के लिए होगा। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा आपातकालीन सेवा डायल 112' के त्वरित रेस्पॉन्स टाइम (घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने) के मामले में धनबाद पुलिस पूरे झारखंड में शीर्ष स्थान पर है। इन नई बाइकों के आने से हमारी प्रतिक्रिया क्षमता (रेस्पॉन्स टाइम) और बेहतर होगी। एसएसपी ने बताया कि पिछले वर्ष भी धनबाद पुलिस को 70 नई पेट्रोलिंग बाइक, 50 सिटी हॉक्स बाइक और 40 बोलेरो वाहन उपलब्ध कराए गए थे।

**जीपीएस, सायरन और वायरलेस से लैस हैं बाइक:** पुलिसिंग को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए ये सभी मोटरसाइकिलें आधुनिक तकनीकों से लैस हैं। इनमें: जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम: जिससे पुलिस कंट्रोल रूम से सीधे गश्ती टीम की लोकेशन ट्रैक की जा सकेगी।

**समारोह में ये रहे उपस्थित:** इस आधुनिक गश्ती दल के शुभारंभ के अवसर पर ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब डीएसपी (विधि व्यवस्था) नौशाद आलम, डीएसपी (मुख्यालय) धीरेंद्र नारायण बंका डीएसपी (सीसीआर) सुमित कुमार, डीएसपी (मुख्यालय) शंकर कामती, सार्जेन्ट मेजर विनोद कुजूर, सार्जेन्ट लक्ष्मण मेहता सहित भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोहनिया: बिना तलाक बेटे की कराई दूसरी शादी, दहेज मामले में ससुर गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया । थाना क्षेत्र में दहेज प्रथा और बिना तलाक दूसरी शादी कराने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के वारंट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जीतापुर निवासी मीर शमीम अहमद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोहनिया निवासी सैय्यद वसीमुद्दीन ने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2018 में मीर शमीम अहमद के बेटे शहरे आलम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद दहेज को लेकर प्रताड़ना शुरू कर दी गई। इसी बीच बिना तलाक दिए ही आरोपी पक्ष ने अपने बेटे की दूसरी शादी करा दी। इस मामले को लेकर पीड़िता के पिता ने कोर्ट में दहेज प्रथा से संबंधित मामला दर्ज कराया था। कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद मोहनिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ससुर मीर शमीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया। मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार सुबह बताया कि दहेज प्रथा मामले में कोर्ट से वारंट जारी था, जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मनिहारी बाजार से 22 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। भभुआ थाना क्षेत्र के मनिहारी बाजार चौक से पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान 22 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुदरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी नागेंद्र चौधरी तथा रोहतास जिले के पिठफोरवा गांव निवासी नीतीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इस कार्रवाई में एक पल्सर बाइक भी जब्त की है। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बुधवार को बताया कि मनिहारी बाजार चौक के पास गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दुर्गावती की ओर से एक पल्सर बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मौजूद पुलिस बल ने खदेड़ कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बाइक पर रखे एक बोरे से 22 लीटर देसी शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने शराब और बाइक को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। मेडिकल जांच कराने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ई-फार्मेसी के विरोध में जिलेभर के मेडिकल स्टोर बंद, मरीज रहे परेशान




लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। ऑनलाइन दवाओं की बिक्री (ई-फार्मेसी) को नियमित करने के केंद्र सरकार के प्रस्तावित कदम के विरोध में बुधवार को भभुआ शहर के दवा विक्रेता एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। भभुआ शहर सहित जिलेभर की अधिकांश मेडिकल दुकानों के शटर बंद रहे, जिससे मरीजों और आम लोगों को दवा के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही लोग दवा दुकानों के खुलने की उम्मीद में इधर-उधर भटकते नजर आए। भभुआ शहर की प्रमुख दवा दुकानें सिन्हा मेडिकल स्टोर, ममता मेडिकल हॉल, अलियार राम गंगा राम मेडिकल स्टोर समेत हजारों मेडिकल स्टोर बंद रहे। हालांकि आकस्मिक सेवा को ध्यान में रखते हुए भभुआ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से जिले की 21 दवा दुकानों को जरूरतमंद मरीजों के लिए खुला रखा गया था। बावजूद इसके अधिकांश लोगों को सरकारी अस्पतालों से दवा लेनी पड़ी। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि ई-फार्मेसी व्यवस्था केवल दवा विक्रेताओं के लिए ही नहीं, बल्कि मरीजों के लिए भी नुकसानदायक साबित होगी। उन्होंने आशंका जताई कि ऑनलाइन दवा बिक्री से गलत दवा, नकली उत्पाद और कम गुणवत्ता वाली दवाओं का खतरा बढ़ेगा। साथ ही दवा रिएक्शन जैसी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से छोटे दवा व्यवसायियों की रोजी-रोटी पर भी असर पड़ेगा।

### बामसेफ नेता के मातोश्री गंगोत्री देवी का हुआ निधन, शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज
भभुआ कैमूर। बामसेफ के कद्दावर नेता सह विकास मित्र संघ कैमूर के जिला अध्यक्ष श्री रमाकांत राम जी के माता गंगोत्री देवी का अचानक निधन हो गया। माता जी के निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति है। इनकी उम्र 90 वर्ष की थी। इस दु:ख घड़ी में मौके पर पहुंचे प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन बिहार श्री जय शंकर राम ने कहा कि जितेंद्र राम के द्वारा अन्तिम संस्कार रविदासिया धर्म पद्धति से किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि राम नाम के बदले जीवन मरण सत्य है, भीम नाम सत्य है, रविदास नाम सत्य है, अंबेडकर नाम सत्य है, बुद्ध नाम सत्य है तथा जितेंद्र राम अमर रहें के नारों से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर बसपा बिहार प्रदेश मुख्य जॉन प्रभारी सह पूर्व सासाराम लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार,जिला अध्यक्ष भीम आर्मी रामबाबू, संजीव कुमार प्रदेश महासचिव भीम आर्मी , राजा राम जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन कैमूर, बुलू मस्ताना बिरहा गायक, जितेंद्र भास्कर एवं सैकड़ों शुभ चिन्तक शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# NDA सरकार के 6 महीने पूरे: वादे फेल, युवा और मजदूर बेहाल, जन सुराज ने घेरा

**5 साल में 1 करोड़ नौकरी का वादा जुमला, 71% मजदूर आज भी पलायन को मजबूर: वंसलोचन राम**

**नीट छात्रा हत्याकांड में समय पर चार्जशीट न होना सरकार की बड़ी विफलता: डॉ. सुनीता पांडेय**

**प्रशांत किशोर के नेतृत्व में आज से शुरू हुआ 'बिहार नवनिर्माण अभियान' का नया चरण**

लोकतंत्र की आवाज




**कैमूर।** बिहार की नवनिर्वाचित एनडीए सरकार के कार्यकाल के 6 महीने पूरे होने पर जन सुराज पार्टी ने आज भभुआ स्थित जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की।इस दौरान पार्टी नेताओं ने सरकार पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों के साथ वादाखिलाफ़ी और विश्वासघात करने का गंभीर आरोप लगाया।

**रोजगार के मोर्चे पर सरकार पूरी तरह फ्लॉप:** प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जन सुराज के जिला अध्यक्ष वंसलोचन राम ने सरकार के दावों की पोल खोलते हुए कहा कि चुनाव के समय 5 साल में 1 करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया था। इस गणित के हिसाब से सरकार को शुरुआती 6 महीनों में करीब 9.85 लाख नौकरियां दे देनी चाहिए थीं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा।

उन्होंने कहा कि आज भी बिहार के केवल 25% मजदूरों को राज्य में काम मिल पा रहा है, जबकि 71% मजदूर आजीविका के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। इसके अलावा, BPSC TRE-4 भर्ती का नोटिफिकेशन जारी करने के बजाय आंदोलन कर रहे छात्रों पर मुकदमे दर्ज कर उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। महिलाओं को ₹2-2 लाख देने का वादा भी सिर्फ चुनावी जुमला बनकर रह गया है।

**अपराध चरम पर, परिवारवाद पर दोहरी नीति:** जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. एसएन चौबे ने राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर प्रहार करते हुए कहा कि बिहार में हत्या, दुष्कर्म और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए NCRB का डेटा जारी करने में देरी कर रही है। उन्होंने सरकार पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता को परिवारवाद के खिलाफ भाषण देने वाले दल के अपने कई मंत्री खुद बड़े राजनीतिक परिवारों से आते हैं।

**बेटियों की सुरक्षा के दावे खोखले :** महिला जिला प्रवक्ता डॉ. सुनीता पांडेय ने नीट छात्रा हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं किए जाने के कारण आरोपियों को जमानत मिल गई, जो सरकार की लचर पैरवी और प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता सबूत है। बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

**आज से 'बिहार नवनिर्माण अभियान' का शंखनाद:** जन सुराज के नेताओं ने साफ किया कि चुनाव परिणाम चाहे जो भी रहे हों, पार्टी बिहार के हक की लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। आज 20 मई 2026 से "बिहार नवनिर्माण अभियान" के नए चरण की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहटा स्थित 'बिहार नवनिर्माण आश्रम' में रहकर पूरे प्रदेश में संगठन को धार देंगे और जनसंवाद करेंगे। पार्टी कार्यकर्ता अब घर-घर जाकर जनता को जागरूक करेंगे।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये रहे उपस्थित:** इस मौके पर जिला अध्यक्ष वंसलोचन राम, मुख्य प्रवक्ता डॉ. एसएन चौबे, महिला प्रवक्ता डॉ. सुनीता पांडेय, महिला अध्यक्ष आरती कुमारी, युवा अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, कार्यालय प्रभारी हरिहर पांडेय, अल्पसंख्यक अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी और कर्पूरी मंच अध्यक्ष अमोद कुमार बिंद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## डीजे पर नाचने को लेकर मारपीट, शराब के नशे में दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** भभुआ प्रखंड क्षेत्र के बेतरी गांव में शादी समारोह के दौरान बारात में डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में डीजे संचालक के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस संबंध में बुधवार को भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार देर रात बेतरी गांव में एक शादी समारोह के दौरान बारात आई हुई थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक शराब के नशे में डीजे पर नाच रहे थे। नाचने के दौरान किसी बात को लेकर डीजे संचालक से विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि शराब के नशे में धुत युवकों ने डीजे संचालक के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस ने मौके से बेतरी गांव निवासी लखन राम के पुत्र अखिलेश कुमार तथा श्रवण राम के पुत्र अमरजीत कुमार को हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## फॉर्मर रजिस्ट्री के लंबित मामलों के निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में 'कैंप मोड' पर काम, अंचलाधिकारी ने की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़ ।** प्रखंड क्षेत्र में किसानों और आम लोगों की सहूलियत के लिए प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़े लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने के लिए अंचल कार्यालय के सभी राजस्व कर्मचारी इन दिनों 'कैंप मोड' में काम कर रहे हैं।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य लंबे समय से रुके हुए मामलों को जल्द से जल्द निपटाना है ताकि रैयतों और किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**अंचलाधिकारी ने प्रखंड सभागार पहुंचकर कार्य को परखा:** इसी सिलसिले में अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी रामगढ़ सुजीत सुमन ने प्रखंड सभागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभागार में चल रहे कार्यों को खुद देखा और बारीकी से उसकी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने और पारदर्शिता बरतने के कड़े निर्देश दिए।

अंचलाधिकारी सुजीत सुमन ने कहा: "फॉर्मर रजिस्ट्री के मामलों का पेंडिंग रहना ठीक नहीं है। आम जनता और किसानों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसीलिए सभी राजस्व कर्मचारियों को कैंप मोड में लगाकर मिशन स्तर पर काम कराया जा रहा है। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

**क्या है तैयारी और आगे की रणनीति ?:** अंचल प्रशासन का लक्ष्य है कि तय सीमा के भीतर सभी लंबित आवेदनों की जांच कर उनका निष्पादन कर दिया जाए।इसके लिए कर्मचारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए हैं:

समय सीमा के अंदर काम: सभी राजस्व कर्मचारी रोजाना अंचल कार्यालय या प्रखंड सभागार में बैठकर प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी (जांच) कर रहे हैं।

त्रुटियों का तुरंत सुधार: जिन फॉर्मों में तकनीकी खामियां हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

अंचलाधिकारी स्वयं हर दिन के कार्य की प्रोग्रेस रिपोर्ट ले रहे हैं, जिससे काम में सुस्ती की गुंजाइश खत्म हो गई है। इस 'कैंप मोड' कार्य से क्षेत्र के किसानों में काफी उत्साह है और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले कुछ ही दिनों में फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़े अधिकांश लंबित मामलों का पूरी तरह से निपटारा कर लिया जाएगा।

## मोहनिया में दवाओं की ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को कैमूर जिले सहित देश भर के दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखी। इस दौरान केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सरकार की ऑनलाइन दवा बिक्री नीति के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार केसरी और वरिष्ठ पदाधिकारी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल में आपातकालीन व्यवस्था के तहत ऑनलाइन दवाओं की अनुमति दी गई थी, जिसे सरकार ने अब तक जारी रखा है। इसका दुरुपयोग कर पोर्टल के माध्यम से एक ही प्रिस्क्रिप्शन पर बार-बार दवाएं

**■ कैमूर केमिस्ट एसोसिएशन ने उठाई आवाज; ऑनलाइन दवाओं पर रोक लगाने और कड़े नियम बनाने की सरकार से की मांग**

मंगाई जा रही हैं, जिससे प्रतिबंधित और नशीली दवाओं का अवैध कारोबार धड़ल्ले से बढ़ रहा है।

केमिस्टों का आरोप है कि कॉर्पोरेट कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर छोटे खुदरा दवा विक्रेताओं का रोजगार छीन रही हैं, जबकि स्थानीय दुकानदारों को फार्मासिस्ट रखने से लेकर सारे नियम-कायदे पूरे करने पड़ते हैं।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया और छोटे व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो भविष्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, पीड़ित ने मोहनिया थाने में दिया आवेदन

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत केकढ़ा गांव में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने मोहनिया थाना में आवेदन देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। पीड़ित की पहचान केकढ़ा गांव निवासी राम शीष सिंह के पुत्र विनय कुमार सिंह के रूप में हुई है।

पीड़ित विनय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर खाना खाने के बाद सोने चला गया। बुधवार की सुबह करीब 4:30 बजे जब उसकी नींद खुली तो बाहर खड़ी मोटरसाइकिल गायब थी। पहले तो उसे लगा कि किसी परिजन ने बाइक हटाई होगी, लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी जब मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला तो चोरी की आशंका हुई।

विनय कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तथा गांव और आसपास के इलाकों में बाइक की तलाश की गई, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद वह मोहनिया थाना पहुंचा और लिखित आवेदन देकर पुलिस से मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की।

इधर, मामले को लेकर मोहनिया थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे फोन पर बताया कि बाइक चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि चोरी में शामिल लोगों की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री व भारी डिस्काउंट के विरोध में दुर्गावती की दवा दुकानें रहीं बंद

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती।** बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को दुर्गावती प्रखंड में दवा दुकानदारों ने एकदिवसीय बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री बंद करने, नकली दवाओं पर प्रतिबंध लगाने तथा कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट दिए जाने पर रोक लगाने की मांग उठाई।

इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन सचिव सुशील चंद्र तिवारी द्वारा किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के निर्देश पर पूरे दुर्गावती प्रखंड में दवा दुकानों को बंद रखकर विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन एकदिवसीय है, लेकिन आगे संगठन द्वारा जो भी निर्देश दिया जाएगा, उसके अनुसार कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की कुछ नीतियों के कारण उपभोक्ताओं और दवा दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर यह कदम उठाया गया है। हालांकि, इमरजेंसी मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दुर्गावती में दो दवा दुकानों को खुला रखा गया, ताकि जरूरतमंदों को दवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस मौके पर दवा दुकानदारों में राज किशोर सिंह, रामेश्वर पाल, संजय सिंह, शंकर प्रजापति, अमित कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 23 मई तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़ (कैमूर)।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन और सरकार के निर्देश पर ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। रामगढ़ प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आगामी 23 मई तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शैक्षणिक गतिविधियों (प्री-स्कूल शिक्षा) को पूरी तरह स्थगित कर दिया गया है।

यह जानकारी उन्होंने प्रखंड मुख्यालय में आयोजित सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान दी।

**केंद्र खुले रहेंगे, सेविकाएं करेंगी प्रशासनिक काम:** सीडीपीओ प्रिया कुमारी ने वीडियो बयान में स्पष्ट किया कि बच्चों के लिए शैक्षणिक गतिविधियां भले ही बंद रहेंगी, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र नियमानुसार खुले रहेंगे। इस अवधि में सभी सेविकाओं और सहायिकाओं को केंद्र पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। सीडीपीओ ने निर्देश दिया कि इस दौरान बच्चे केंद्र पर नहीं आएंगे, जिससे वे तेज धूप और गर्मी से सुरक्षित रह सकें। वहीं, सेविकाएं और सहायिकाएं इस समय का उपयोग अपने लंबित विभागीय कार्यों, रजिस्टरों के संधारण और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों को पूरा करने में करेंगी।

**मासिक बैठक में कार्यों की हुई समीक्षा:** स्थानीय स्तर पर आयोजित इस मासिक बैठक में सीडीपीओ ने सभी पंचायतों से आईं सेविकाओं के कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिला पदाधिकारी के निर्देशों का जमीनी स्तर पर कड़ाई से पालन होना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से पोषण दाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और रिकॉर्ड की शुद्धता पर जोर दिया गया। सीडीपीओ ने सभी 'पदधिकारियों' और कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारियां निभाने को कहा।

**■ CDPO प्रिया कुमारी ने मासिक बैठक में दिए सख्त निर्देश, केंद्रों पर बंद रहेगी प्री-स्कूल शिक्षा, सेविका-सहायिकाएं निपटाएंगी लंबित कार्य**

**सीडीपीओ का संदेश:** "भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 23 मई तक बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियां बंद रखने का निर्णय लिया गया है। हमारा उद्देश्य बच्चों को इस तपन से बचाना है। सभी सेविका-सहायिकाएं केंद्रों पर उपस्थित रहकर अपने पेंडिंग कार्यों को समय से पूरा करें।"

## संक्षिप्त खबरें ।

### दाउदनगरः सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, मुआवजे को लेकर आक्रोशितों ने किया प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज
अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाउदनगर
दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर थाना क्षेत्र के एनएच 120 पर स्थित ममरेजपुर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप घायल हो गया ।घायल युवक स्थानीय लोगों ने अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। पटना जाने के दौरान रास्ते में युवक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तो वहीं आक्त्रोशित लोगों ने मुआवजे को लेकर गणेश चौक के पास आगजनी करते हुए पथ को दो घंटों तक जाम रखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्त्रोशितों को समझा बुझाकर शांत कराया और यातायात को सुचारू रूप से चालू किया। वहीं थानाध्यक्ष विकास कुमार ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्त्रिरया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ठाकुर बीघा गांव निवासी जनेश्वर महतो का 45 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार उर्फ साधु के रूप में हुई है। इस घटना से क्षेत्र के लोग मर्माहत हैं। तो वहीं परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के द्वारा आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### अभिरुचि शिविर का जिला सहायक परियोजना समन्वयक ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/दूनी। देवली उपखण्ड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को पीएमश्री योजना अंतर्गत संचालित 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर का जिला सहायक परियोजना समन्वयक शिवप्रसाद मीणा एवं रामजीलाल मीणा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा—निर्देश प्रदान किए। विद्यालय में यह अभिरुचि शिविर 17 मई से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शहरी संकुल शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य कैलाश वर्मा के निर्देशन में संचालित शिविर में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण, कला एवं रचनात्मकता तथा खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के तीन समूहों में विभाजित कर उनकी रुचि अनुसार गतिविधियां करवाई जा रही हैं। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के दिशा—निर्देशानुसार प्रतिदिन प्रत्येक समूह के लिए अलग—अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के करीब 140 विद्यार्थियों को उनकी अभिरुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया गया है। इससे विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रधान लाल मीणा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक संतोष शर्मा, उपप्रधानाचार्य महावीर प्रसाद बडगुर्जर, पंचायत सहायक श्वेता माथुर, संगीता जैन, सादिया बानो, वोकेशनल ट्रेनर पूजा सेन, मुरली सैनी, लखपत सिंह मीणा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### मनरेगा को फिर उसी नाम से बहाल करने को लेकर मजदूरों का पंचायत भवनों पर प्रदर्शन



लोकतंत्र के आवाज
संवाददाता मेराज आलम
गौनाहा। प्रखंड क्षेत्र के धमौरा पंचायत भवन के सामने बिहार में मनरेगा मजदूरों ने राज्यव्यापी हड़ताल के तहत एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मजदूरों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को पुनः बहाल करने तथा विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण भीबीजीरामजी कानून को रद्द करने की मांग उठाई। माले नेता नंदकिशोर महतो, मनोज महतो आदि का कहना था कि मजदूरों मनरेगा के तहत गांवों में काम मिलना लगभग बंद हो गया है। नए कार्य नहीं खोले जा रहे हैं और पुराने कार्यों पर भी सीमित मजदूरों से काम कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण मजदूरों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने बिना व्यापक विचार—विमर्श के दिसंबर 2025 में नया कानून लागू कर मनरेगा की मांग आधारित व्यवस्था को कमजोर कर दिया। मजदूर नेताओं ने कहा कि पहले केंद्र सरकार मनरेगा खर्च का अधिकांश हिस्सा वहन करती थी, जबकि नए कानून में राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल दिया गया है। साथ ही मजदूरी बढ़ाने के संबंध में भी कानून में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने मनरेगा को पुराने स्वरूप में बहाल करने, भीबीजीरामजी कानून वापस लेने, रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 200 दिन करने तथा कम से कम 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देने की मांग की। मजदूरों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। मौके पर तप्पू महतो, राजकुमार महतो, पलट महतो, मदन चौधरी, बीगा महतो आदि उपस्थित थे।

### गौनाहाः विकास हत्याकांड में गिरफ्तारी नहीं होने पर परिजनों का थाना पर हंगामा

लोकतंत्र के आवाज
संवाददाता मेराज आलम
गौनाहा । थाना क्षेत्र के तुरहा टोली में हुए विकास हत्याकांड के 13 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीण बुधवार को थाना पहुंच गए और घंटों हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों ने बताया कि 7 मई को विकास की हत्या कर दी गई थी। अगले दिन सड़क जाम हटाने के दौरान पुलिस अधिकारियों ने तीन दिनों के अंदर सभी आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे लोगों में आक्रो श बढ़ गया है। थानाध्यक्ष शंभु शरण गुप्ता ने आक्त्रोशित लोगों को शांत कराते हुए कहा कि मामला न्यायालय में है तथा गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में जल्द ही कुर्की—जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट से आदेश मिलते ही आरोपितों के घर इस्तेहार चस्पा कर उन्हें हाजिर होने का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी हाजिर नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस आरोपितों के संभावित ठिकानों पर नजर रख रही है तथा गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में महिला—पुरुष मौजूद रहे।

# प्रत्येक माह में लक्ष्य के अनुसार संपादित करें सभी जरूरी कार्य : संयुक्त निदेशक

## पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा ने ली पशु अधिकारियों की बैठक



लोकतंत्र की आवाज

**मुजम्मिल अहमद सारण**
**टोंक/उनियारा।** राजकीय पशु चिकित्सालय उनियारा में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और कार्मिकों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए गए।

बैठक में संयुक्त निदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी कार्मिकों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने तथा सुबह 8:10 बजे तक अपनी उपस्थिति की फोटो अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए।विभागीय लक्ष्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। संयुक्त निदेशक ने पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वर्षा रानी सहित सभी कार्मिकों को प्रत्येक माह लक्ष्य के अनुरूप कृत्रिम गर्भाधान कार्य करने एवं उसकी ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन संस्थाओं की प्रगति 15 प्रतिशत से कम है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

शत—प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि और शिविरों के आयोजन पर जोर

बैठक में एफएमडी टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी संस्था प्रभारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा कर शत—प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वर्षा रानी ने बताया कि बैठक में प्रशासनिक एवं पशु स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।संयुक्त निदेशक ने उपनिदेशक एवं बीवीएचओ को निर्देशित किया कि अवकाश पर रहने वाले संस्था प्रभारियों की सूचना के लिए अलग रजिस्टर संधारित किया जाए। साथ ही क्षेत्र में पशुओं में बढ़ रही बांझपन की समस्या को देखते हुए प्रत्येक संस्था स्तर पर हर माह दो बांझपन निवारण शिविर आयोजित करना अनिवार्य किया गया।

**भीषण गर्मी में पशुओं की सुरक्षा के निर्देश :** वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए गौशालाओं के संचालकों को पशुओं के लिए उचित छाया, पानी एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पशुओं को गर्मी से राहत मिल सके।इसके अलावा संस्थाओं को आवंटित लक्ष्यों के अनुसार नियमित रूप से बंध्याकरण कार्य पूर्ण करने तथा पशुपालकों को सेक्स सॉर्टेड सीमन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए, जिससे क्षेत्र में उन्नत नस्ल के पशुओं की संख्या बढ़े और पशुपालकों को आर्थिक लाभ मिल सके।

## एनडीए सरकार पर जन सुराज पार्टी का बड़ा हमला, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों से किया गया विश्वासघात




लोकतंत्र के आवाज

**संवाददाता मेराज आलम**
**गौनाहा।** प्रखंड क्षेत्र के पकड़ी विशौली गांव स्थित जन सुराज कर्यालय में बगहा जिला के महामंत्री अभिजय सिंह ने बिहार की एनडीए सरकार के छह महीने पूरे होने पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों से सरकार के द्वारा विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। साथ ही साथ एनडीए सरकार पर रोजगार, कानून व्यवस्था, भर्ती प्त्रिरयाओं में भी विफलता को उजागर किया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए बड़े वादे अब तक धरातल पर नहीं उतर सके हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए महामंत्री ने कहा कि सरकार ने पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन छह महीने बीतने के बाद भी बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी और पलायन झेलने को मजबूर हैं।उन्होंने दावा किया कि बिहार में केवल 25 प्रतिशत मजदूरों को ही राज्य के भीतर रोजगार मिल पा रहा है, जबकि अधिकांश श्रमिक दूसरे राज्यों में काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं।टीआरई 4 भर्ती और छात्रों के आंदोलन का भी भर्ती प्त्रिरया का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर छात्रों से वादा खिलाफी का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर सरकार राज्य में बढ़ते अपराध, हत्या और दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर सरकार को घेरा। पार्टी नेताओं ने एनडीए सरकार पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार में कई मंत्री राजनीतिक परिवारों से आते हैं। नीट छात्रा हत्याकांड का मुद्दा भी उठाया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि मामले में समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण आरोपितों को जमानत मिल गई, जो सरकार की बड़ी विफलता है। बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। पार्टी नेताओं ने घोषणा की कि 20 मई से बिहार नवनिर्माण अभियान के नए चरण की शुरुआत की जा रही है। प्रशांत किशोर बिहटा स्थित बिहार नवनिर्माण आश्रम में रहकर राज्यभर में संगठन और जनसंवाद को मजबूत करेंगे। जन सुराज नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर—घर जाकर लोगों के बीच अपनी बात रखेंगे।

## नहर में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोइ।** बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के कोरोकला जमुखिया गांव के बाहर से निकली सारदा नहर नदी में नहा रहे 14 वर्षीय युवक की डूब कर मौत हो गई। सूचना पर आसपास गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे वही ग्रामीणों की मदद से युवक को नहर से बाहर बड़ी मसकद के बाद निकाला गया तब तक युवक दम तोड़ चुका था। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी सतीश चंद्र मय पुलिस बल के साथ युवक की पहचान पवन पुत्र काशीराम निवासी चौथी पुरवा के नाम से हुई है युवक की उम्र करीब 14 वर्ष बताई गई । पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुखद हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# ट्रांसफार्मर न बदले जाने से परेशान ग्रामीणों ने पावर हाउस का घेराव कर जमकर की नारेबाजी

लोकतंत्र की आवाज



**शिवम गुप्ता ब्यूरो चीफ**
**हरदोई।**15 दिनों से खराब पड़े ट्रांसफ़ार्मर को ना बदलने से नाराज कोरोकला गांव के लोगो ने बुधवार को पावर हाउस बेनीगंज का घेराव कर जेई को एक शिकायती पत्र देकर ट्रांसफ़ार्मर जल्द से जल्द बदलवाने की मांग की।

बेनीगंज 33/11सब स्टेशन से कोरोकला गांव को विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाती है। कोरोकला गांव मे लगा ट्रांसफ़ार्मर 15 दिनों से फुकने पर गांव के लोंग भीषण गर्मी से परेशान हो रहे थे। जिसकी शिकायत ग्रामीणो ने कई बार जेई एसडीओ व बेनीगंज पावर हाउस जाकर की थीं। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर ना बदले जाने से परेशान होकर दर्जनों ग्रामीण बुधवार को पावर हाउस का घेराव कर जमकर नारेबाजी कर जल्द से जल्द ट्रांसफ़ार्मर बदलवाने की मांग पर अड़े रहे।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे गांव की आधी आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर है। लोगों ने बताया कि उमस भरी गर्मी में बिजली न मिलने से पेयजल संकट के साथ घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीण राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि लाइनमैन केवल नाम के लिए तैनात है और ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भी सही जानकारी नहीं दी जाती, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य रिंकू सिंह ने बताया कि कई बार पावर हाउस पर सूचना देने के बाद भी सिर्फ आश्वासन मिला, लेकिन खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया।प्रदर्शन के दौरान मुबारक,विवेक वर्मा, यामीन, अमित, पुनीत, अनिल, मयंक, आदेश, सिराज, श्यामवती समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।वहीं, बुधवार को ही कार्यभार ग्रहण करने वाले अवर अभियंता सुरेश चंद्र यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दो दिन के भीतर ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी। एसडीओ कछौना पुनीत दुबे ने बताया कि पूर्व में तैनात अवर अभियंता की लापरवाही के चलते यहां से हटा दिया गया है संडीला समृद्ध किए गए हैं।आज ही बेहदर से बेनीगंज पहुंचे नए और अभियंता से शीघ्र बिजली व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए हैं

# पीएम मोदी के इंधन बचाओ आह्वान पर ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे मंत्री इं. शैलेंद्र

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंधन बचाने के आह्वान पर बुधवार को राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक इं. शैलेंद्र पटना में ई—रिक्शा से अपने कार्यालय पहुंचे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया को यह संदेश दिया है कि संयमित ढंग से इंधन की खपत में कमी लाई जा सकती है। यदि हम, हमारे मंत्री और पूरा देश इंधन के उपयोग में कटौती करें तो यह देशहित में एक बड़ा कदम होगा।

मंत्री इं. शैलेंद्र ने आम लोगों, भाजपा एवं एनडीए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जहां भी संभव हो, वहां इंधन की बचत करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छोटी—छोटी पहल से बड़े बदलाव संभव हैं और इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ—साथ आर्थिक बचत भी होगी।

इधर, नवगछिया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पैदल सीएमओ जा रहे हैं, वहीं कई मंत्री भी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर कार्यालय एवं अन्य स्थानों तक पहुंच रहे हैं। मंत्री इं. शैलेंद्र ने यह भी निर्णय लिया है कि वे उपलब्ध सरकारी सुविधाओं में केवल एक सरकारी वाहन का ही उपयोग करेंगे। साथ ही सप्ताह में दो दिन अपने सरकारी आवास से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित विश्वेश्वरैया भवन स्थित कार्यालय तक साइकिल, ई—रिक्शा अथवा सार्वजनिक परिवहन से जाएंगे।

भाजपा नेता प्रभुनंदन चौधरी, उत्तम कुमार, दिनेश यादव, इं. कुमार गौरव, बाल्मीकि मंडल, ब्रजेश शर्मा नागर, दिलीप सिंह, ब्रजेश चौधरी, रंजीत गुप्ता एवं दिलीप महतो समेत अन्य नेताओं ने कहा कि मंत्री इं. शैलेंद्र देश, क्षेत्र और समाजहित में जो कहते हैं, उस पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ अमल भी करते हैं।

# औरंगाबाद : अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने बिजली की खंभे से टकराई, दो लोग गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज



**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाउदनगर**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सड़क पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर दाउदनगर में देखने को मिला है। मंगलवार की देर रात दाउदनगर की ओर जा रहा एक अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप हादसे का शिकार हो गया।हाईवा पहले 11 हजार वोल्ट के बिजली पोल से टकराईं और फिर एक सीमेंट के सर्विस पोल में जोरदार धक्का मार दिया। दुर्घटना में हाईवा पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा के चालक की जगह खलासी चला रहा था। बताया जा रहा है कि वह दूसरे हाईवा से आगे निकलने की होड़ में तेज गति से वाहन चला रहा था।इसी दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे बिजली की खंभे को तोड़ते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद इलाके में अफरा—तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।इस हादसे के कारण दाउदनगर टाउन—2 क्षेत्र की आधी आबादी की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली पोल और तार क्षतिग्रस्त होने से देर रात तक मरम्मत कार्य जारी रहा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त लाइन को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल की जा सके।स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार और लापरवाही से भारी वाहनों के परिचालन पर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# औरंगाबाद : अज्ञात हाईवा ट्रक ने महिला को मारी टक्कर इलाज के क्रम में गयाजी में मौत




**लोकतंत्र की आवाज**
**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**गोह (औरंगाबाद)।**बुधवार की दोपहर गया दाउदनगर मुख्य सड़क एनएच 120 पर अज्ञात हाईवा ट्रक ने एक महिला को टक्कर मार दिया। जिसके कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने घायल महिला को गोह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया।जहां इलाज के क्त्रम में मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी स्वर्गीय हरेंद्र सिंह के 52 वर्षीय पत्नी रामवती देवी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला सड़क किनारे पैदल घर जा रही थी। इसी बीच अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने टक्कर मार कर मौके से फरार हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। मौत की खबर सुनते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि स्वजनों के द्वारा आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन में बवाल के विरोध में बाजार बंद

जालौन उरई में सोमवार की रात मेडिकल कॉलेज में हुए विवाद के बाद व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर व्यापारियों ने आज बाजार बंद रखे और चक्काजाम कर जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन किया।





लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन।** उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में जहां सोमवार रात को किसी बात पर डॉक्टरों और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। ये बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। इस झड़प के दौरान एक व्यापारी का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। व्यापारी के बेटे की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

व्यापारियों का डॉक्टरों पर गुस्सा फूट पड़ा तीमारदार के साथ हुई मारपीट से नाराज जिले के व्यापारियों में भारी आक्त्रोश व गुस्सा फूट पड़ा है। वही डॉक्टरों की इस बर्बरता के खिलाफ आज व्यापारियों ने मिलकर उरई के मुख्य बाजारों को पूरी तरह से बंद कर दिया। सुबह से ही दुकानों के ताले नहीं खुले और व्यापार ठप रहा। व्यापारियों का कहना है कि जिन्हें भगवान का रूप माना जाता है, उन्हीं डॉक्टरों ने गुंडों की तरह मारपीट की है, और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन और जाम लगाया ,गुस्साए व्यापारियों ने उरई में जिला मुख्यालय के सामने इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सड़क को जाम कर दिया।उन्होंने डॉक्टरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यह मांग की कि जिन डॉक्टरों की गलती है, उनके खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की । और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर पुलिस की भारी तैनाती है और अधिकारी व्यापारियों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज बना जंग का अखाड़ा ! डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच चले लात—घूंसे, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद।


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।